# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
रविवार 15 जून 2025
आषाढ़ कृष्ण 04 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 260
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in


# नीट यूजी-2025 में इंदौर के उत्कर्ष की सेकेंड रैंक

## टॉप 100 में एमपी के 4 स्टूडेंट; एमपी से 60,346 ने क्वालिफाई किया

भोपाल । नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शनिवार को नीट यूजी परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इंदौर के उत्कर्ष अवधिया की 99.9 पर्सेंटाइल के साथ ऑल इंडिया सेकेंड रैंक आई है। देशभर के टॉप 100 में एमपी के 4 स्टूडेंट हैं। अगम जैन ने 45वीं, अनुभव पांडे ने 79वीं और मोहित भारती ने 82वीं रैंक हासिल की है। छिंदवाड़ा की स्तुति पांडे ने 18302वीं रैंक हासिल की है। एमपी के 60,346 ने स्टूडेंट्स ने एग्जाम क्वालिफाई किया है।

बता दें, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने याचिका दायर करने वाले 75 उम्मीदवारों को छोड़कर बाकी सभी के नीट यूजी परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित करने के निर्देश दिए हैं। नीट यूजी देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा है, इसमें करीब 20 लाख छात्र एमबीबीएस और बीडीएस सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा 4 मई को आयोजित की गई थी। रिजल्ट जारी होने से वेबसाइट पर भारी ट्रैफिक है। ऐसे में सर्वर डाउन या वेबसाइट स्लो होने पर घबराएं नहीं।

| रैंक | नाम | स्टेट |
|---|---|---|
| 1 | महेश कुमार | राजस्थान |
| 2 | उत्कर्ष अवधिया | मध्य प्रदेश |
| 3 | कृषंग जोशी | महाराष्ट्र |
| 4 | मृणाल किशोर झा | दिल्ली |
| 5 | अविका अग्रवाल | दिल्ली |
| 6 | जेनिल भयानी | गुजरात |
| 7 | केशव मित्तल | पंजाब |
| 8 | झा भव्य चिराग | गुजरात |
| 9 | हर्ष केदावत | दिल्ली |
| 10 | आरव अग्रवाल | महाराष्ट्र |

### प्रदेश में एमबीबीएस की 4938 सीटें

मध्यप्रदेश में एमबीबीएस की कुल सीटों की संख्या है। इनमें से 17 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 2488 सीटें और 13 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 2450 सीटें हैं। काउंसलिंग में एमबीबीएस के साथ बीडीएस में भी दाखिला दिया जाएगा। प्रदेश में 13 निजी डेंटल कॉलेज हैं जिसमें कुल बीडीएस की कुल 1220 सीटें हैं।

### पिछले साल से घट गया कट-ऑफ

2024 में अनारक्षित कैटेगरी के लिए कट-ऑफ स्?कोर 162 था, जो इस साल घटकर 144 हो गया है। बीते साल,ङ्क्र 1 पर 17 स्?टूडेंट्स थे। इन सभी ने 720 में से 720 स्?कोर किए थे। इस साल मुश्किल पेपर की वजह से टॉपर का स्?कोर और कट-ऑफ नीचे आ गया है।

### 75 छात्रों का रिजल्ट नहीं जारी होगा

इंदौर के सेंटर्स पर NEET UG परीक्षा देने वाले 75 कैंडिडेट्स ने शिकायत की थी कि 4 मई को आंधी-तूफान और बिजली चली जाने की वजह से उनका पेपर बिगड़ गया। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में दायर याचिकाओं पर 9 जून को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा है कि NTA इन 75 कैंडिडेट्स को छोड़कर बाकी सभी का रिजल्ट जारी कर सकता है। इन 75 छात्रों का रिजल्ट बाद में जारी किया जाएगा। इसके बाद NEET UG 2025 की फाइनल मेरिट बनेगा।

### 20.8 लाख कैंडिडेट्स का रिजल्ट जारी हुआ

22.7 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने NEET UG के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। इसमें 13.76 लाख लड़कियों और 9.98 लाख लड़कों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

# देश में सिर्फ एक दिन में नए वैरिएंट से 9 मौतें, 24 घंटे में 269 नए मामले

नई दिल्ली,। भारत में कोविड-19 के नए वैरिएंट ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ हफ्तों से लगातार मौतें हो रही हैं। शनिवार को भारत में सिर्फ एक दिन में ही नए वैरिएंट से 9 मौतें दर्ज की गईं। महाराष्ट्र में 4 और केरल में 3 लोगों की पिछले 24 घंटे में कोविड के कारण अपनी जान गंवाई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार सुबह 8 बजे नए आंकड़े जारी किए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 9 लोगों की मौत हुई। महाराष्ट्र में मरने वालों में एक 79 साल का शुगर के मरीज, एक 85 साल के बुजुर्ग जिनकी किडनी में समस्या थी और 55 व 34 साल के दो अन्य संक्रमित शामिल हैं। सभी की तबीयत पहले से खराब थी। राजस्थान में 70 साल की एक बुजुर्ग महिला की संक्रमण के चलते मौत हो गई, जबकि तमिलनाडु में 73 साल के एक बुजुर्ग, जो पहले से कई बीमारियों से जूझ रहे थे, उन्होंने भी दम तोड़ दिया।




स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 269 नए मामले सामने आए। सबसे ज्यादा कर्नाटक में 132 केस सामने आए। उसके अलावा गुजरात में 79, केरल में 54, मध्य प्रदेश में 20, तमिलनाडु में 12, सिक्किम में 11, हरियाणा में 9, छत्तीसगढ़ में 8, राजस्थान में 7, असम में 6, बिहार में 5, मणिपुर में 3, ओडिशा-त्रिपुरा और गोवा में दो-दो, झारखंड और उत्तराखंड में एक-एक कोविड मामले सामने आए।

संक्रमण के नए मामलों के बाद केरल में नए वैरिएंट के कुल केस 2109 हो चुके हैं। गुजरात में 1437 एक्टिव मामले हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में 747, दिल्ली में 672, महाराष्ट्र में 613, कर्नाटक में 527, उत्तर प्रदेश में 248 और तमिलनाडु में 232 एक्टिव केस हैं। राजस्थान में 180 और आंध्र प्रदेश में 102 मामले हैं।

## खास खबर

### सुरक्षा बलों ने मणिपुर के 5 जिलों में की सर्चिंग

इंफाल। मणिपुर की इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से ज्यादा राइफल समेत हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। यह बरामदगी मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात को एक जॉइंट ऑपरेशन के दौरान की। जब्त की गई वस्तुओं में 151 एसएलआर राइफलें, 65 इंसास राइफलें, 73 अन्य राइफलें, पांच कार्बाइन गन, दो एमपी5 गन, 12 लाइट मशीन गन, छह एके सीरीज राइफलें, दो अमोघ राइफलें, एक मोर्टार, छह पिस्तौल, एक एआर-15 और दो फ्लेयर गन शामिल हैं।

### शनि शिंगणापुर मंदिर से 167 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नासिक। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित प्रसिद्ध शनि शिंगणापुर मंदिर के ट्रस्ट श्री शनैश्चर देवस्थान ने हाल ही में 167 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। हटाए गए कर्मचारियों में से 114 यानी करीब 68 फीसदी मुस्लिम हैं। हालांकि ट्रस्ट ने अपने आधिकारिक बयान में धार्मिक आधार पर भेदभाव से इनकार किया है और बताया कि यह कदम कर्मचारियों के खराब प्रदर्शन और लंबे समय से अनुपस्थित रहने के कारण उठाया गया है। यह छटनी दो चरणों में की गई। पहले चरण में 8 जून को इन्हें नौकरी से निकाला। दूसरा चरण 13 जून को हुआ। ये कर्मचारी पिछले 2 से 10 सालों से मंदिर ट्रस्ट से जुड़े हुए थे। इस कार्रवाई से पहले सकल हिंदू समाज संगठन ने 14 जून को प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। संगठन ने मंदिर परिसर में गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाने की मांग की थी। बता दें मई महीने का एक वायरल वीडियो में एक व्यक्ति मंदिर में पेंटिंग का काम करता दिख रहा है। ऐसा कहा जाता है कि वह हिंदू नहीं है।

### आतंकवादी संगठन उल्फा (आई) के तीन सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने असम में स्वतंत्रता दिवस 2024 के दौरान कई स्थानों पर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की साजिश रचने के मामले में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन उल्फा (आई) के तीन सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। यह कार्रवाई गुवाहाटी की विशेष एनआईए अदालत में की गई। आरोपियों में उल्फा (आई) के अध्यक्ष और स्वयंभू कमांडर-इन-चीफ परेश बरुआ (उर्फ परेश असोम, कामरुज ज़मान खान, नूर-उज़-ज़मान, प्रदीप, पबन बरुआ), अभिजीत गोगोई (उर्फ ऐशंग असोम, रुमेल असोम, धनजॉय मोरन) और जाह्नु बोरुआ (उर्फ अर्नोब असोम, हंटू) शामिल हैं। एनआईए की जांच में सामने आया हैं कि ये आरोपी गुवाहाटी के दिसपुर लास्ट गेट सहित असम के कई इलाकों में स्वतंत्रता दिवस समारोह (2024 में) को बाधित करने के लिए आईईडी लगाने की साजिश में शामिल थे।

सितंबर 2024 में मामले को अपने हाथ में लेने के बाद एनआईए ने पाया कि इन विस्फोटकों को लोगों को नुकसान पहुंचाने, संपत्ति को क्षति पहुंचाने और भारत की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डालने के इरादे से लगाया गया था। इसका मकसद देश में आतंक फैलाना था।

## इजराइल-ईरान जंग :

# आकाश से बरसती मिसाइलें, बंकरों में छिपते लोग...

तेलअवीव/तेहरान। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष अब और तेज हो गया है। ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच बढ़ती आशंकाओं को लेकर दुनिया को वर्ल्ड वार थ्री की टेंशन सता रहा है। अमेरिका पूरी तरह इजराइल के साथ खड़ा है तो वहीं चीन और रूस ने ईरान का समर्थन किया है। इससे हालात के नाजुक होने का खतरा मंडराने लगा है। दरअसल, ईरान में जिस तरह इजराइल में अंदर तक घुसकर तबाही मचाई है और तेलअवीव में स्थित सैन्य ठीकानों को निशान बनाया है उससे इजराइल बिलबिला गया है। ऐसे में पश्चिमी देश इस कोशिश में जुट गए हैं कि दोनों देशों के बीच युद्ध विराम कराया जाए।

इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर वह इजराइल पर मिसाइल हमले जारी रखता है तो तेहरान को जला दिया जाएगा। यह बयान तब आया जब ईरान ने इजराइल द्वारा उसके परमाणु, मिसाइल और सैन्य ठिकानों पर हमले के जवाब में कई मिसाइलें दागीं। एक हाई लेवल बैठक में, जिसमें इजरायल डिफेंस फोर्सेज के चीफ ऑफ स्टाफ एयाल जामीर, मोसाद प्रमुख डेविड बारनेआ और अन्य सैन्य अधिकारी शामिल थे, काट्ज ने कहा कि ईरानी तानाशाह अपने ही नागरिकों को बंधक बना रहे हैं और ऐसी स्थिति पैदा कर रहे हैं जिसमें विशेष रूप से तेहरान के निवासी इसकी भारी कीमत चुकाएंगे।



Screengrabs from video posted on X by @WarMonitors

### दोनों देश लगातार कर रहे हमले

पिछले 24 घंटे में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजराइल ने शुक्रवार रात 10:30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5:30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 6 परमाणु वैज्ञानिक और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे। ईरान ने शुक्रवार रात हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इजराइल की ओर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। 6 मिसाइलें राजधानी तेल अवीव में गिरीं, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई। 90 से ज्यादा लोग घायल हुए। ईरान ने दावा किया है कि मिसाइल इजराइली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इजराइल ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है।

### ईरान के सभी न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला नहीं किया

इजराइली एयरफोर्स ने कहा है कि उसने अभी तक ईरान के सभी न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला नहीं किया है, लेकिन कोशिश जारी रहेगी। मिलिट्री अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि हम ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल ग्रुप को भी कम करने का काम कर रहे हैं। अब तक इजराइली एयरफोर्स ने नतांज न्यूक्लियर साइट को काफी नुकसान पहुंचाया है और इस्फहान साइट के कुछ हिस्सों को नष्ट किया है। इजराइली एयरफोर्स ने अभी तक फोर्दो को निशाना नहीं बनाया है।

# अब एआई 171 को रिप्लेस करेगी एयर इंडिया, फ्लाइट को देगी नया नाम!

## अहमदाबाद विमान हादसे के बाद कंपनी उठाने जा रही यह कदम

नई दिल्ली। अहमदाबाद हादसे के बाद एयर इंडिया बड़ी तैयारी में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी फ्लाइट नंबर एआई 171 को रिप्लेस करने की तैयारी कर रही है। इसके पीछे का मकसद हादसे की दर्दनाक यादों को मिटाना है। बता दें अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान क्रैश हो गया था। इससे विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक यात्री जिंदा बचा है। विमान जिस हॉस्पिटल की मेस पर गिरा, वहां भी कई डॉक्टरों और उनके परिजनों की मौत हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस हादसे के बाद एयर इंडिया कई जरूरी कदम उठाने जा रही है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अहमदाबाद से लंदन की फ्लाइट को नया नाम दिया जाएगा। अब यह प्लेन एआई 171 की जगह, एआई 159 के नाम से जाना जाएगा। यह बदलाव बहुत जल्द नजर आएगा। अधिकारी के मुताबिक फ्लाइट का नंबर बदलने के पीछे एक खास मकसद है। नाम बदलने के बाद लोगों के दिमाग से इससे जुड़ी खराब यादें मिट जाएंगी। इसके अलावा हादसे के शिकार यात्रियों के परिजनों और अन्य लोगों को भी इससे उबरने में मदद मिलेगी। इसको लेकर अभी एयर इंडिया के अधिकारियों की प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इससे पहले साल 2014 में मलेशिया में ऐसा किया गया था। तब मलेशियन एयरलाइंस की कुआलंमपुर से बीच चलने वाली फ्लाइट एमएच 370 का नाम बदलकर एमएच 318 कर दिया गया था। फ्लाइट एमएच 370, 8 मार्च, 2014 को राडार से गायब हो गई थी। इस विमान में 239 लोग सवार थे। आज तक इस विमान का पता ही नहीं चला। इसके अलावा लायन एयर ने भी अपनी फ्लाइट जेटी610 का नाम बदलकर जेटी618 कर दिया था। यह विमान 29 अक्टूबर 2018 को जावा के समुद्र में क्रैश हो गया था।

## अहमदाबाद विमान हादसे में बाबा रामदेव को नजर आया तुर्की का कनेक्शन

नई दिल्ली। अहमदाबाद में प्लेन क्यों और कैसे क्रैश हुआ इस लेकर जांच शुरू हो गई है। इस बीच योग गुरु बाबा रामदेव ने साजिश की आशंका भी जाहिर की है। उन्होंने जांच की मांग की है कि कहीं तुर्की में इसकी साजिश नहीं रची गई और ऐसा करके दुश्मनी नहीं निकाली गई है। गौरतलब है कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की के साथ तल्खी बढ़ गई थी। तुर्की इन दिनों पाकिस्तान का पक्का यार है।

रामदेव ने शक जाहिर कर जांच की मांग की। उन्होंने कहा, विमान हादसे के पीछे इसकी दृष्टि होनी चाहिए, मुझे पता लगा है कि तुर्की की कोई एजेंसी मेंटिनेंस का काम देखती है।

## मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद, 300 से अधिक राइफलें और गोला-बारूद जब्त

इंफाल। मणिपुर की इंफाल घाटी में सुरक्षा-बलों ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 300 से अधिक राइफलें, हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए हैं। यह बरामदगी शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात को मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों द्वारा संयुक्त ऑपरेशन के तहत की गई।

सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई इंफाल घाटी के पांच जिलों में एक साथ की गई, जहां हथियारों का यह जखीरा छिपाकर रखा गया था। जब्त किए गए हथियारों में 151 एसएलआर राइफलें, 65 आईएनएसएएस राइफलें, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी5 गन, 12 लाइट मशीन गन, 6 एके-सीरीज राइफलें, 2 अमोघ राइफलें, 1 मोर्टार, 6 पिस्तौल, 1 एआर-15 असॉल्ट राइफल और 2 फ्लेयर गन शामिल हैं। राज्य में हालिया हिंसा और अस्थिरता के मद्देनज़र यह बरामदगी सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। इससे राज्य में अवैध हथियारों की तस्करी और हिंसा फैलाने की साजिशों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

## असम के धुबरी में तनाव के बाद सीएम ने दिए सीधे गोली मारने के आदेश

धुबरी। असम के धुबरी में तनाव के चलते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने उपद्रवियों के खिलाफ शूट एंड साइट का ऑर्डर दिया है। उन्होंने बांग्लादेश की सीमा से लगे धुबरी जिले में रात में देखते ही गोली मारने का आदेश दिया है, क्योंकि एक सांप्रदायिक समूह अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है, जिसे सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। बता दें विगत रविवार को धुबरी शहर में एक मंदिर के पास मांस के टुकड़े पाए जाने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। सीएम ने शुक्रवार को स्थिति की समीक्षा करने के लिए धुबरी का दौरा किया। साथ ही सीएम ने कहा कि जिले में रैपिड एक्शन फोर्स और सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया जाएगा। वहीं धुबरी में सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में मंदिर के सामने मांस के टुकड़े मिले थे। इसके बाद हिंदू और मुस्लिम दोनों समूहों ने शांति और सद्भाव की अपील की थी। सरमा ने कहा कि अगले दिन मंदिर के सामने फिर जानवर का सिर रखा गया और रात में पत्थर फेंके गए। सरमा ने कहा कि नबीन बांग्ला नामक संगठन ने धुबरी को बांग्लादेश में शामिल करने के अपने उद्देश्य को उजागर करते हुए भड़काऊ पोस्टर लगाए थे। सरमा ने आरोप लगाया कि कुछ लोग गोमांस खाते थे, लेकिन इस बार पश्चिम बंगाल से हजारों मवेशी लाए गए हैं और धुबरी में एक नया गोमांस माफिया उभरा है, जिसने त्योहार से ठीक पहले हजारों जानवरों की खरीद की है।

# अब 19 जून को एक्सिओम-4 मिशन लॉन्च होगा

## भारतीय अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाएगा

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि 19 जून को एक्सिओम-4 मिशन लॉन्च होगा। एक्सिओम-4 मिशन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के रूप में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाएंगे। 39 वर्षीय शुभांशु शुक्ला लखनऊ में जन्मे हैं। उन्हें जून 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन मिला। उन्हें 2000 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव हासिल है। वे सुखोई-30 एमके 1, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर और एएन-32 जैसे फाइटर जेट्स को उड़ा चुके हैं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के लिए भी मिशन महत्वपूर्ण होगा। वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर विशेष खाद्य और पोषण संबंधी प्रयोग करेंगे।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्च तारीख अब 19 जून 2025 के लिए फिर से निर्धारित की गई है। साथ ही स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की है कि लॉन्च को पहले स्थगित करने वाले सभी मुद्दों पर पूरी तरह से काम किया गया है। उन्होंने कहा कि आगे का कोई भी अपडेट समय के अनुसार साझा किया जाएगा। दरअसल, 11 जून को मिशन कुछ तकनीकी परेशानी के कारण स्थगित करना पड़ा। चौथी बार ऐसा हुआ कि मिशन लॉन्च करने की तारीख बदली गई। 11 जून को मिशन स्थगित करने की घोषणा करते हुए इसरो ने जानकारी दी कि लॉन्च से पहले टेस्टिंग के दौरान प्रोपल्शन बे में एलओएक्स रिसाव का पता चला था। 13 जून को इसरो प्रमुख वी नारायणन ने एक बयान में कहा, इसरो, नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के ज्वेज्दा मॉड्यूल में देखी गई समस्या को जिम्मेदारी के साथ हल करने के लिए काम कर रहा है, जिसके कारण एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) में देरी हुई।

# मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश, एनआईए ने मप्र और राजस्थान में छापेमारी की

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापेमारी की है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे है। जांच एजेंसी की ओर से कहा गया हैं कि यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज एक मामले के तहत की गई है। एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था। बयान में कहा गया है, युवाओं को भारत की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने और शरिया कानून द्वारा शासित इस्लामिक सरकार स्थापित करने के मकसद से हिंसा फैलाने के प्रेरित किया जा रहा था। बयान में कहा गया है कि एनआईए की टीमों ने तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण जब्त किए, जो फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजे जाएंगे।



# फादर्स डे आज

## बुजुर्ग पिता को बच्चो का नहीं मिल रहा सहारा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। देश सहित पूरी दुनिया में 15 जून को फादर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसके तहत जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन भी किए जाते हैं। यह दिन जीवन में पिता के योगदान, उनके संघर्षों को समर्पित होता है। लेकिन दुनिया में ऐसे भी कई लोग हैं जो पिता का महत्व नहीं समझते और बड़े होकर जब अपनी जिम्मेदारी संभाल लेते हैं तो भगवान स्वरूपी अपने पिता को ही घर से धक्के मार कर बाहर कर देते हैं। जिसके चलते उस बुजुर्ग पिता को किसी आश्रम या सड़क किनारे अपनी जिंदगी गुजारनी पड़ती है। जिसका जीता जागता उदाहरण नगर के भटेरा चौकी स्थित एक वृद्ध आश्रम में देखने को मिला।आज 15 जून को फादर्स डे को लेकर हमने जब आश्रम पहुंचकर बुजुर्गो से चर्चाएं की तो बुजुर्गो का कहना रहा कि फादर्स डे जैसे शब्द केवल सोशल मीडिया में पोस्ट सांझा करने तक ही सीमित रह गए हैं। असल मायने में इनका कोई औचित्य शेष नहीं रह गया है।



### जिन बेटो को कड़ा संघर्ष कर लायक बनाया, उन्ही ने धक्के देकर किया बेघर

जिन बेटों को कड़ा संघर्ष कर लायक बनाया, उन्हीं बेटो ने पिता से मुह मोड़ उम्र के अंतिम पड़ाव में बेघर कर दिया। चार बेटों के पिता को एक का भी सहारा नहीं मिल रहा है। मजबूरन बुजुर्ग पिता को वृद्धा आश्रम में जीवन गुजारना पड़ रहा है। यह दुख भरी दास्तां कटंगी क्षेत्र के लखनवाड़ा निवासी फूलचंद राहंगडाले की है। वर्तमान में बुजुर्ग फूलचंद शहर के भटेरा चौकी स्थित वृद्धा आश्रम में जीवन गुजारने मजबूर है। जो अपने बेटों से काफी ज्यादा नाराज है जिन्होंने यहां तक कह दिया कि हमारे लिए फादर डे का कोई भी मतलब नहीं है।

### याद तो आती हैं लेकिन वे नहीं आते

वृश्रा आश्रम में रह रहे बुजुर्ग फूलचंद, लखन चंदने, मानसिंह सैयाम सहित अन्य ने बताया कि हर तीज त्यौहार और विशेष मौको पर उन्हें भी अपने परिजनों खासकर औलाद की याद आती है। आस लगी रहती है कि कोई तो उनसे मिलने आएगा, लेकिन अब तक उनसे मिलने कोई परिजन नहीं आए हैं। आपस में एक दूसरे को सहारा बनकर एक परिवार की तरह सभी बुजुर्ग साथ जीवन जी रहे हैं

### वर्तमान में 03 बेटे है, आज तक कोई मिलने नही आया- फूलचंद

वृद्दा आश्रम में फादर डे पर की गई चर्चा के दौरान बुजुर्ग फूलचंद राहंगडाले ने बताया कि वैसे तो उनके चार बेटे थे।लेकिन एक की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है।पिछले वर्ष पत्नी की भी मौत हो गई। तब से वे बेगानों की तरह जिंदगी बसर कर रहे हैं। पांच एकड़ की जमींन बेटों के नाम कर दी।घर भी उन्हें दे दिया। लेकिन घर जमीन अपने नाम करवाने के बाद बेटो ने ही उन्हें घर से निकाल दिया। तब से वे वृद्धा आश्रम में अन्य बुजुर्गो के साथ जीवन गुजार रहे हैं। आश्रम में अकेले फूलचंद नहीं बल्कि महिला व पुरुष बुजुर्ग मिलाकर 14 लोग शामिल है।सभी की अपनी अलग कहानी बनी हुई हैं।

### वृद्धा आश्रम ही हमारा सहारा है

बुजुर्गो ने बताया कि इस दुनिया में अब उनका किसी पर भरोसा नहीं रह गया है। वृद्धा आश्रम के संचालक धनेन्द्र हनवत जरूर उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। हनवत एक पिता और पुत्र दोनों की तरह उनका लालन पालन और सेवा भी कर रहे हैं। वृद्धा आश्रम ही इन बुजुर्गो का घर और यहां रहने वाले साथी परिवार बने हुए हैं। अब आश्रम भी हमारा सहारा है और यही हमारी जिंदगी है।अब जब तक जिंदगी रहेगी, इसी आश्रम को ही हमने अपना घर बना रखा है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 30 से अधिक व्यक्तियों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय बालाघाट में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 30 से अधिक व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया है। इस रक्तदान शिविर में एनसीसी कैडेट्स, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राए,एवं आम नागरिकों के द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वाले समस्त रक्तदान-दाताओं को फल वितरण के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया एवं समस्त रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीष शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, सिविल सर्जन निलय जैन, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज पाण्डेय, डिफेंस काउंसिल, ब्लॅड बैंक की काउंसलर श्रीमती श्यामा घालेकर एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहें।

## लालू के पैरों के पास अंबेडकर की तस्वीर, बीजेपी का आरोप, ये प्रमाण हैं कि राजद दलितों से घृणा करती

पटना। लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर भीमराव आंबेडकर की तस्वीर को राजद सुप्रीमो के पैरों के पास रखने के मामले में सियासी पारा चढ़ गया है। बीजेपी ने वीडियो जारी कर लालू पर अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रेसवार्ता करके लालू यादव और राजद के नेताओं को माफी मांगने की बात कही। साथ ही उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि, लालू यादव सामाजिक अपराध के दोजख हैं। बाबा साहब के साथ इनका व्यवहार दुखद और काफी अपमानजनक है। बीजेपी का आरोप है कि वीडियो में अंबेडकर की तस्वीर जमीन पर और लालू यादव के पैरों के पास रखी दिख रही है।

सम्राट चौधरी ने वीडियो दिखाकर कहा कि ये अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि लालू यादव के जन्मदिन के दिन बाबा साहेब का अपमान हुआ।

यह पूरी घटना राजनीति में राजद के काले अध्याय को दिखाती है। लालू यादव को माफी मांगनी चाहिए। दलित और पिछड़ों का अपमान करना लालू परिवार के डीएनए में है। उनके जीवन में किसी के लिए कोई सम्मान नहीं है, ना किसी नेता के लिए, ना ही किसी आम बिहारी के लिए। सम्राट चौधरी ने कहा कि यह घटना इस बात का प्रमाण है कि लालू यादव दलित समाज से घृणा करते हैं। उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन में कभी भी बाबा साहेब के विचारों का सम्मान नहीं किया, और ना ही उनके योगदान को उचित स्थान दिया।

उन्होंने कहा कि लालू की तानाशाही प्रवृत्ति ही कारण रही कि बिहार की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। राज्य के सभी बड़े नेताओं का अपमान लालू यादव ने किया है। उनकी तानाशाही शैली को जनता ने पहचान लिया है।

उन्होंने कटाक्ष कर कहा कि अगर गलती से लालू यादव को सत्ता मिल जाती, तब वे एके 47 से केक काटते। सत्ता को अपने जन्मदिन जैसा उत्सव मानते हुए वे जनता की भावनाओं को बार-बार रौंदते।卐

वहीं, भाजपा मीडिया इंचार्ज दानिश इकबाल ने घटना को लेकर राजद और लालू परिवार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की तस्वीर को लालू के जन्मदिन समारोह में उनके पैरों के पास रखकर बधाई दी जा रही है। यह न केवल असंवेदनशीलता बल्कि बाबा साहब के प्रति गहरी घृणा का प्रमाण है।

## भीषण गर्मी से परेशान लोगों को मॉनसून का इंतजार, 17 जून से हो सकती है बारिश

नई दिल्ली। भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सिस्टम से अब पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश में बारिश की संभावना बढ़ रही है। आईएमडी के मुताबिक, बिहार में इस वर्ष मॉनसून 17 जून से शुरू हो सकता है, जो सामान्य से थोड़ी देर से आ रहा है। पटना, गया, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया जैसे क्षेत्रों में बारिश की गतिविधि जोर पकड़ने की उम्मीद है। इससे लोगों को तो तपती गर्मी से राहत मिलेगी ही साथ की किसानों को खरीफ की फसल के लिए भी राहत होगी।

आईएमडी ने कहा है कि यह मौसम 25 जून तक दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान सहित उत्तर-पश्चिम राज्यों के अधिकांश हिस्सों में पहुंच सकता है। सामान्य से पहले आगमन होगा। इससे वर्तमान लू के हालात में जरूरी राहत मिलेगी। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार चार दिनों तक भीषण गर्मी रहने के बाद शुक्रवार को तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गयी। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 'ऑरेंज अलर्ट'जारी करते हुए शुक्रवार देर शाम को आंधी और बारिश का अनुमान जताया है। दिल्ली की आधिकारिक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान गिरकर 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है, लेकिन बृहस्पतिवार के 43.9 डिग्री सेल्सियस से कम है।

शहर के अन्य मौसम केंद्रों ने भी महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की। रिज क्षेत्र में दिन के तापमान में 4.9 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी जबकि आयानगर, लोधी रोड और पालम में क्रमश: 3.6 डिग्री सेल्सियस, 3.7 डिग्री सेल्सियस और 3.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से चार डिग्री अधिक है।ताजा पूर्वानुमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, हल्की बारिश तथा 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। अगले दो दिन भी ऐसी स्थितियां बनी रहने का अनुमान है और 16 से 18 जून के बीच बारिश की उम्मीद है। आईएमडी के अनुमान के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 39 से41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। 14 जून के बाद से भीषण गर्मी की उम्मीद नहीं है।

आईएमडी ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले सप्ताह के मध्य तक पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के आसार के मद्देनजर के कई जिलों में भारी बारिश का शुक्रवार को पूर्वानुमान व्यक्त किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 18 जून तक के अपने पूर्वानुमान में कहा कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों और बंगाल की खाड़ी से भारी नमी उत्पन्न होने के कारण राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने कहा कि 14 जून को उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर बंगाल के अन्य जिलों में 18 जून तक भारी बारिश होने के आसार हैं।आईएमडी बुलेटिन में कहा गया है कि दक्षिण बंगाल के उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मिदनापुर, पश्चिम मिदनापुर, कोलकाता, हावड़ा, हुगली, झारग्राम, पुरुलिया, बीरभूम और पश्चिम बर्धमान जिलों में 14 जून से 18 जून के बीच भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

गुजरात और हिंदी पट्टी के अन्य कृषि प्रधान राज्यों में 2025 का पूरा मानसून सामान्य से बेहतर रहने की संभावना है। गुजरात को अपने औसत से 106प्रतिशत, जबकि पंजाब और हरियाणा को 114ङ्क115 प्रतिशत बारिश मिलने की उम्मीद है। झारखंड में भी मॉनसून 16ङ्क18 जून के बीच पहुंचने की संभावना जताई गई है।

### 22 साल बाद इंसाफ : गलत पहचान में फंसे शख्स को कोर्ट ने किया बरी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 22 साल बाद एक व्यक्ति को रिहा कर दिया, जिसे ऑस्ट्रेलिया में 2003 में हुई एक हत्या के मामले में गलत पहचान के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने फॉरेंसिक रिपोर्ट में फिंगरप्रिंट मेल न होने को अहम साक्ष्य मानते हुए यह फैसला सुनाया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रणव जोशी की अदालत ने 37 वर्षीय मोहम्मद बशीरुद्दीन को दोषमुक्त करार दिया। अदालत ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी फरार अपराधी की गलत पहचान के कारण हुई थी, जबकि दोनों के फिंगरप्रिंट मेल नहीं खाते। सीएफएसएल (केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला) की रिपोर्ट सीलबंद पैकेट में अदालत में प्रस्तुत की गई, जिसे सुनवाई के दौरान खोला गया। रिपोर्ट के अनुसार, मोहम्मद बशीरुद्दीन के फिंगरप्रिंट उस अपराधी से मेल नहीं खाते जिसकी तलाश ऑस्ट्रेलियाई एजेंसियां कर रही थीं।

## इजरायली सेना ने दिखा दिया भारत का गलत मैप, लोगों का गुस्सा देख मांगना पड़ी माफी

नई दिल्ली। बीते रोज इजरायली सेना ने एक्स पर एक नक्शा शेयर किया। यह नक्शा पूरी तरह से गलत था। नक्शे में जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा और अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा दिखाया गया, जिसके बाद भारतीय यूजर्स ने कड़ी आपत्ति जताई। विवाद इतना बढ़ा कि इजरायली सेना को माफी मांगनी पड़ी। दरअसल इस नक्शे में ईरानी मिसाइलों की रेंज को दिखाया गया था, लेकिन इसमें भारत की सीमाओं को गलत तरीके से पेश किया गया, जिससे सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया। नक्शे में जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा और अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा दिखाया गया, जिसके बाद भारतीय यूजर्स ने कड़ी आपत्ति जताई। विवाद बढ़ने पर आईडीएफ को माफी मांगनी पड़ी।

एक्स पर यूजर्स ने आईडीएफ के पोस्ट के नीचे तीखी प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, कृपया भारत की सीमाओं को सही करें। ऐसी गलतियां न करें। दूसरे यूजर ने टिप्पणी की, इजरायल ने कश्मीर को पाकिस्तान और अरुणाचल को चीन का हिस्सा दिखाया। इसे तुरंत हटाएं। कई यूजर्स ने सही नक्शे के साथ जवाबी पोस्ट किए और आईडीएफ से त्रुटि को ठीक करने की मांग की।विवाद बढ़ता देख आईडीएफ ने 13 जून को ही दोपहर एक जवाबी पोस्ट जारी की। इसमें कहा गया, यह पोस्ट महज क्षेत्र का एक चित्रण है। यह नक्शा सीमाओं को सटीक रूप से दर्शाता नहीं है। इस तस्वीर के कारण हुई किसी भी ठेस के लिए हम क्षमा चाहते हैं। इसके अलावा, भारत में इजरायल के राजदूत ने भी इस पर सफाई दी। उन्होंने एक भारतीय यूजर की शिकायत पर लिखा, यह एक खराब अनपेक्षित इन्फोग्राफिक है। पहले ही हटाने/ठीक करने के लिए कह दिया गया है। हालांकि, इस माफी के बावजूद कई यूजर्स ने मांग की कि गलत नक्शे को हटाकर सही नक्शे के साथ नया पोस्ट किया जाए। बता दें कि सोशल मीडिया यूजर्स ने जल्द ही नक्शे में गलतियों को नोटिस किया। जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा और अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा दिखाने के साथ-साथ उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को नेपाल से जोड़ा गया था। इस गलती ने भारतीय नागरिकों और नेताओं को नाराज कर दिया, क्योंकि यह भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर सवाल उठाता है

### शुक्रवार को किया था पोस्ट

13 जून को इजरायली डिफेंस फोर्स(आईडीएफ) ने एक ग्राफिकल वर्ल्ड मैप पोस्ट किया, जिसमें ये दिखाया गया कि ईरान की मिसाइलें दुनिया के किस-किस हिस्से तक मार कर सकती हैं। पोस्ट के साथ लिखा गया, ईरान एक वैश्विक खतरा है। इजरायल उसका अंतिम लक्ष्य नहीं है, यह तो केवल शुरुआत है। हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था, सिवाय कार्रवाई करने के। हालांकि, इस नक्शे में भारत की सीमाओं को सटीक रूप से नहीं दिखाया गया था, जिसने विवाद को हवा दे दी।

पिछले साल भी इजरायल ने भारत का गलत मैप दिखाया था जिसे बाद में हटा लिया गया था। मानचित्र में जम्मू और कश्मीर को गलत तरीके से दर्शाया गया था। तब इजरायली राजदूत ने कहा था कि ये वेबसाइट के एडिटर की गलती से वजह से ऐसा हुआ और उस गलत मैप को हटा दिया गया है।

## बंद पड़ी खदानों एवं खनन पश्चात् खुले, छूटे स्थलों व गड्ढों में जल भराव से हो सकती है जनहानि

### खनिज अधिकारी ने खुले एवं छूटे स्थलों पर लगाया प्रतिबंध

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आगामी मानसून में वर्षा के पूर्व बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव की दृष्टि से खनिज अधिकारी श्री आरके खातरकर द्वारा जिले के सभी खनिरियायतधारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। जिसमे उन्होंने मप्र शासन खनिज विभाग मंत्रालय के निर्देशों के परिपालन में जिले में बंद पड़ी खदानों एवं खनन पश्चात् खुले, छूटे स्थलों व गड्ढों में जल भराव की स्थिति के कारण जनहानि एवं पशुहानि होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिले में खुले/छूटे स्थलों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए है। चूँकि खुले, छूटे स्थलों/गड्ढों में जल भराव की स्थिति के कारण जनहानि/पशुहानि होने के संभावना को देखते हुए इन स्थलों का उचित प्रबंधन किया जाना आवश्यक है। श्री खातरकर ने जिला अंतर्गत समस्त खनि रियायतधारियों (खनिपट्टाधारियों, उत्खनिपट्टाधारियों, अस्थायी अनुज्ञाधारियों) को निर्देशित किया है कि स्वीकृत खनि रियायत क्षेत्र में स्थित गड्ढों के आस-पास आम व्यक्तियों को सावधान करने हेतु तार फेसिंग, सुरक्षा दीवार, सुरक्षा संकेतक, रात्रि में नजर आने वाले रेडियम बोर्ड स्थापित कर खनन योजना, पर्यावरण सम्मति अनुसार सुरक्षा निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि ऐसा न किया जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित पट्टाधारी की होगी।

**कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा**
**जिला बालाघाट (म.प्र.)**

**रा.प्र.क्र. 0010/ड-154/2025-26**
**मौजा डोंगरिया, रा.नि.मं. कनकी**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिशुला तेकाम पिता स्व. दिलीप तेकाम जाति परधान, निवासी ग्राम डोंगरिया, तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा डोंगरिया, रा.नि.मं. कनकी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में स्थित आवेदक द्वारा अपनी माता केशरबाई पति दिलीप का अनुज्ञा प्रमाण पत्र रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 12(2) म.प्र. मृत्यु पंजीयन 1999 नियम 12(2) प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त मृत्यु की घटना दिनांक 15.04.1988 मृत्यु की घटना स्थल ग्राम डोंगरिया के अंतर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.06.2025 के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**स्थान** - लालबर्रा
**दिनांक** - 15.06.2025

**के.एल. तेकाम**
**तहसीलदार**
**तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र.**

## आज से मेगा डिप्लोमैटिक मिशन पर निकलेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक बार फिर विदेश यात्रा प्रस्तावित है। वे 5 दिन में 3 देशों की यात्रा करेंगे। पीएम मोदी सबसे पहले साइप्रस जाएंगे। वहां दो दिन (15-16 जून) विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। उसके बाद कनाडा पहुंचेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देंगे। कनाडा में भी पीएम मोदी की दो दिन (16-17 जून) की यात्रा है। पीएम मोदी 18 जून को क्रोएशिया जाएंगे और 19 जून को भारत लौट आएंगे।

जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी 15 से 19 जून तक विदेश यात्रा पर रहेंगे और साइप्रस गणराज्य, कनाडा और क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह दौरा तीन देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और यूरोपीय संघ और वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका को और ज्यादा सक्रिय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडूलाइड्स के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 15-16 जून को साइप्रस की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह पिछले दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति क्रिस्टोडूलाइड्स के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का संदेश देगी और मेडिटेरेनियन क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत की साझेदारी को और गहरा करने की दिशा में सहयोग बढ़ाएगी।

यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा पहुंचेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर पीएम मोदी 16-17 जून को कनानास्किस में आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी जी-7 देशों, आमंत्रित आउटरीच देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार, विशेषकर एआई-ऊर्जा संबंध, और क्वांटम तकनीक से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### क्रोएशिया यात्रा- भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा

यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री मोदी 18 जून को क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रे प्लेंकोविच के निमंत्रण पर भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी, जो दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। प्रधानमंत्री मोदी अपने समकक्ष प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच से भेंट करेंगे। यह यात्रा भारत की यूरोपीय संघ के साझेदार देशों के साथ संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगी।

**आवश्यकता है**
उत्कर्ष कम्पयुटर लालबर्रा में
• कम्प्युटर टीचर्स - 03 पद
• स्टेनो टीचर्स - 02 पद
• टैली टीचर्स - 02 पद
• ऑफिस कार्य - 02 पद
इच्छुक युवक-युवती सम्पूर्ण बॉयोडाटा इंस्टीट्यूट में जमा कर सकते है
वेतन-योग्यतानुसार
पता-उत्कर्ष कम्प्युटर
पंवार समाज भवन के पास, सिवनी रोड बालाघाट
7691909255, 9424663575

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# शहीद भगत सिंह जिला अस्पताल हुआ राष्ट्रीय क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट युक्त

## पहले प्रयास में अस्पताल को राष्ट्रीय मानकों पर खरा पाया गया : अब 40 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्राप्त होने के साथ, जल्द पूरी होगी अस्पताल की जरूरतें







बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।बालाघाट का शहीद भगत सिंह जिला अस्पताल जबलपुर संभाग का दूसरा अस्पताल बन गया है, जो नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त है। यह सर्टिफिकेट मिलना इतना आसान है कि हर अस्पताल यह तमगा पा ले। इसके लिए अस्पताल के हर विभाग और हिस्से को 250 बिंदुओं पर खरा उतरना प ?ता है। जैसा बालाघाट जिला अस्पताल में डॉक्टरर्स के विशेष दल को मिला है। सिविल सर्जन डॉ.निलय जैन के इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि अब जिला अस्पताल राष्ट्रीय स्तर के मानकों में शामिल हो गया है।प्रदेश में ऐसे चुनिंदा शासकीय जिला अस्पताल है जो हर विभाग में अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा देने के योग्य है। अभी प्रदेश में 10 से 12 जिला अस्पताल ही है जो यहां तक पहुँच पाएं है। उन्होंने यह भी कहा कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने पहले ही निरीक्षण के बाद यह विचार दिया कि एनक्वास सर्टिफिकेट के लिए प्रयास करने की सारी खूबियां है। बस जो कमियां है उसे दूर किया जाए। इसके बाद 10 महीनों में कमियों को दूर किया गया। शनिवार को एनक्वास के सलाहकार श्री जेएन श्रीवास्तव ने एनएचएम मिशन संचालक को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। रिपोर्ट में 82.07 प्रतिशत के साथ गुणवत्ता प्रमाणित की है।

**कलकत्ता, पूना और हिंगोली के डॉक्टरर्स के दल ने परखी थी सेवाएं**

राष्ट्रीय हैल्थ मिशन के निर्देशानुसार जिला अस्पताल में संचालित 18 विभागों की तफ्तीश के लिए तीन विशेषज्ञ डॉक्टरर्स का दल 28 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 को निरीक्षण पर पहुँचा था। उन्होंने अपने सर्वे व पड़ताल में एनक्वास के लिए हर विभाग के लिए निर्धारित 250 बिंदुओं पर सेवाएं, सुविधाएं, मशीनें, यंत्र,अमला, यूनिफार्म आदि की पड़ताल की। इस पड़ताल में सभी 18 विभागों को 70 प्रतिशत से अधिक अंक दिए गए। ओवरऑल जिला अस्पताल को एनक्वास प्रमाणीकरण के लिए 82.07 प्रतिशत अंक मिलें। जो यह भी दर्शाता है कि अस्पताल में उपयोग होने वाले स्वास्थ्य सूचकांक उत्कृष्ट स्तर के है। इसके लिए पूना से डॉ. रानू, कलकत्ता से डॉ. शिरीष और हिंगोली से डॉ. गोपाल कदम ने यहां तीन दिनों तक व्यवस्थाएं और स्वास्थ्य सेवाएं परखी थी।

**अब आगे क्या और क्या होंगे फायदे**

राष्ट्रीय स्तर का अस्पताल प्रमाणित होने के बाद यहां की सभी मांग जो अस्पताल प्रबंधन द्वारा की जायेगी, वो जल्द मिलने लगेगी। डॉ. जैन ने बताया कि इसका सीधा लाभ 40 लाख रुपये प्रतिवर्ष 3 वर्षो तक रोगी कल्याण समिति को प्राप्त होंगे। इसके अलावा जो भी जरूरतें होगी जैसे- आवश्यक मशीन, उपकरण, स्टॉप आदि वो तुरंत मिलेंगे। इसके अलावा डॉक्टरर्स की पूर्ति भी की जाएगी।सीएस डॉ. जैन ने बताया कि इसके लिए सभी विभागों के डॉक्टरर्स, नर्सेस, वार्ड बाय,क्वालिटी कंट्रोल टीम और पूर्व सीएमएचओ डॉ.मनोज पांडे का बेहतर सहयोग रहा। सभी के सहयोग से कामयाबी मिली है।

वर्तमान में जिला अस्पताल में 42 डॉक्टर्स अपनी सेवाएं दे रहें है। इनके अलावा 206 नर्सेस, 15 वार्ड बॉय, 18 तकनीशियन, 39 ऑउट सोर्स के कर्मचारी और 65 सफाई कर्मी है। जिला अस्पताल में एक ब्लड कलेक्शन के लिए वाहन सहित कुल 4 वाहन उपलब्ध है।

## विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर ली गई शपथ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में 14 जून विश्व तम्बाखू दिवस के अवसर पर सीएमएचओ कार्यालय में तम्बाखू निषेध की शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तम्बाखू प्रोग्राम की नोडल आफिसर डॉ धुर्वे सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहें।





## बालाघाट के सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया हुई प्रारंभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। स्कूल प्राचार्य द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कक्षावार रिक्तियों के लिए प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। स्कूल में कक्षावार रिक्तियां केजी 1 हिन्दी माध्यम 50, अंग्रेज़ी माध्यम 22, केजी 2-हिंदी माध्यम 50, अंग्रेजी माध्यम 21, पहली में हिंदी माध्यम में 25, अंग्रेजी माध्यम में 17, कक्षा दूसरी- हिंदी माध्यम 12, अंग्रेजी माध्यम 20, कक्षा तीसरी- हिंदी माध्यम 06, अंग्रेजी माध्यम 39,कक्षा चौथी- हिंदी माध्यम 04, अंग्रेजी माध्यम 13,कक्षा पांचवीं- हिंदी माध्यम निरंक, अंग्रेजी माध्यम निरंक ,कक्षा छठवीं- हिंदी माध्यम 38, अंग्रेजी माध्यम 25,कक्षा सातवीं- हिंदी माध्यम निरंक, अंग्रेजी माध्यम निरंक ,कक्षा आठवीं- हिंदी माध्यम निरंक, अंग्रेजी माध्यम निरंक ,कक्षा नवमीं- हिंदी माध्यम 57, अंग्रेजी माध्यम 13 तथा अन्य कक्षाओं में निरंक। सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश के लिए सकेंद्रित वृत्त के अनुसार प्रवेश हेतु पात्रता रखने वाले आस पास के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा अर्थात् सकेंद्रित वृत्त के केंद्र में सीएम राइस ( सांदीपनि) विद्यालय का भवन रहेगा तथा केंद्र सांदीपनि विद्यालय से क्रमश: 1 किलोमीटर /2 किलोमीटर/ 3 किलोमीटर और क्रमश:परिधि में स्थित शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी । प्रवेश प्रक्रिया में सर्वप्रथम एक किलोमीटर की परिधि में स्थित शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा वार प्रवेश दिया जाएगा तथा रिक्तियों की पूर्ति होने तक अगली परिधि में (क्रमश: 02, 03 किलोमीटर के क्रम)में स्थित शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा ढ्ढ विचार क्षेत्र में लिए गए अधिकतम दूरी के शासकीय विद्यालय से यदि उपलब्ध रिक्ति से अधिक विद्यार्थी प्रवेश हेतु इक्षुक है, तो सांदीपनि विद्यालय से कम दूरी पर निवासरत विद्यार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी ढ्ढ विद्यालय की प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश आरटीई का पालन करते हुए एक किलोमीटर की परिधि में निवासरत विद्यार्थियों को प्रवेश में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। यदि रिक्तियों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो लाटरी के द्वारा निर्णय लिया जा सकता है। यदि प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश हेतु एक किलोमीटर की परिधि में पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होते तो क्रमश: अधिक दूरी पर निवासरत विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा। विद्यालय प्रवेश समिति का निर्णय अंतिम होगा। अन्य प्रवेश हेतु पूर्व के निर्णयों को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जा सकेगी। प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय डॉ. युवराज राहंगडाले द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 किलोमीटर दूरी पर अध्ययनरत/ निवासरत विद्यार्थी/पालक उपरोक्त रिक्तियों के लिए दिनांक 16 जून से 18 जून के बीच विद्यालय एवं निवास के प्रूफ के साथ स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय में प्रवेश का आवेदन भरकर जमा करेंगे। इसके बाद रिक्त स्थान शेष रहने पर 19 से 21 जून तक 2 किलोमीटर/ 3 किलोमीटर की परिधि में स्थित शासकीय विद्यालय के अध्ययनरत/ निवासरत विद्यार्थियों को प्रवेश प्रदान किया जा सकेगा। आवेदन की संख्या निर्धारित संख्या से अधिक प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। अंतिम तिथि के अगले कार्यालयीन दिवस पर पात्र विद्यार्थियों की प्रवेश सूची सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी जिन्हें 2 दिवस में प्रवेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, कहा देश में बेगुनाह मुसलमानो पर हो रहा अत्याचार




बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।14 जून शनिवार को भारत मुक्ति मोर्चा ने देशव्यापी आंदोलन के तहत, बालाघाट मुख्यालय में कलेक्ट्रेट में जिलाधीश के माध्यम से महामहिम राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बेगुनाह मुसलमानों पर अत्याचार, मस्जिदो और मदरसों पर कार्यवाही का विरोध करते हुए वक्फ कानून में किए गए संशोधनों को रद्ध करने की मांग की। राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के प्रतिनिधि अकील खान ने बताया कि देश में साम्प्रदायिकता के आधार पर बेगुनाह मुसलमानों को मॉब लिचिंग के माध्यम से मारा जा रहा है, मुसलमानों के मस्जिदो, मदरसों, दुकानों, ईदगाहो और बस्तियों पर बुलडोजर कार्यवाही कर उन्हें उजाड़ने का काम किया जा रहा है।जो संविधान के मूल सिद्धांतो के विपरित है। केन्द्र सरकार ने वक्फ कानून में जो संशोधन किए है, वह संविधान के खिलाफ है, जिसे रद्ध किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश में नफरतवादी संगठन, वर्शिप एक्ट 1991 होने के बावजूद मुसलमानों के मस्जिदो और संपत्तियों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि कोर्ट ने भी इस पर मनाही की है, बावजूद ऐसी कार्यवाही कर कोर्ट के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। एक दशक से बड़े पैमाने पर जगह-जगह बिना नोटिस और बिना प्रमाणिकता तथा न्यायालय में मामले विचाराधीन होने के बाद भी बुलडोजर चलाकर, जन्म से निवास कर रहे लोगों की बस्तियों और घरों को तोड़कर उन्हें विस्थापित करने का काम किया जा रहा है।जो पूर्णत: असंवैधानिक और अमानवीय है। जिस पर रोक लगाई जानी चाहिए।

# पुलिस ने शहर में किया पैदल मार्च, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में चलाया चेकिंग अभियान

## सात लोग पर सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते पाये जाने पर की कार्यवाहीं





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।नगर पुलिस अधीक्षक और कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा अपने कोतवाली स्टाप के साथ शहर के विभिन्न चौक , चौराहों और प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च करते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया ।जिसमें रात्रि 10:00 बजे के बाद संदिग्ध रूप से खड़े युवक सहित सार्वजनिक चौक चौराहों में शराब का सेवन करने वाले लगभग 7 युवकों पर पुलिस द्वारा पैदल मार्च के दौरान नगर अधीक्षक वैशाली सिंह द्वारा कार्रवाई की गई । बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से शहर के कुछ वार्डों में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी जैसी घटनाएं लगातार की जा रही है और अज्ञात चोर सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो रहे हैं, इन्हीं सब घटनाओं पर अंकुश लगाने नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली स्टाप के साथ शहर में पैदल मार्च किया जा रहा है और संदिग्ध रूप से दिखने वाले युगों सहित अज्ञात लोगों की पूछताछ के साथ कार्रवाई की जा रही है।

आपको बता दे की बीते कुछ दिनों से शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है , जहां पुलिस द्वारा एक चोरी की घटना को ट्रेस किया जाता है तो वही अज्ञात चोर अन्य नई चोरियों की वारदात कर देते हैं । बीते दिनों भटेरा चौकी क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक घरों में चोरों द्वारा चोरी का प्रयास किया गया था। जिसकी सूचना भी वार्ड वासियों ने पुलिस को दी थी तो वहीं अज्ञात चोरों द्वारा चोरी के प्रयास की पूरी घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। जिसमें कुछ नकाबपोश अज्ञात चोर वार्डों के सूने मकान का ताला तोड़ते और चोरी का प्रयास करते भी नजर आ रहे थे ।हाल ही में नए पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने भी पुलिस अधीक्षक का पदभार लिया है, उसके बाद से ही शहर में पुलिस की सक्रियता अब धीरे-धीरे तेज होते नजर आ रही है। इसी क्रम में 13 जून की रात्रि 10 से 12:00 बजे के बीच नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली सिंह और कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत द्वारा अपने स्टाप के साथ कोतवाली थाने से पैदल मार्च निकाला गया , जो शहर के प्रमुख चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए मेन रोड और शहर के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में पहुंचा, जहां संदिग्ध रूप से दिख रहे युवकों सहित सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर रहे लगभग 7 लोगों पर कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है । जिसमें थाना प्रभारी विजय राजपूत द्वारा बताया गया कि आमजन में पुलिसिंग का विश्वास बनाये रखने पुलिस लगातार पैदल मार्ग जैसे विशेष अभियान चला रही है, साथ ही शहर के अलग-अलग बीटों में पुलिसकर्मियों को और सक्रिय कर दिया गया है एवं इन दिनों संदिग्ध रूप से रात्रि के समय दिखने वाले युवकों सहित सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है और यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# शासकीय राशि में अनियमितता करने पंचायत के इंजीनियर ने कर दी कोरे बिल पर सील साइन

## साइन किया बिल और इंजीनियर का ऑडियो हो रहा तेजी से वायरल, मामला जनपद पंचायत परसवाड़ा के ग्राम पंचायत पौंडी का




Laxmikant Rahangdale
GST No.- 23BPR7866L1Z6
Cash/Credit Memo
Mob.- 9407376316
8889616898
Laxmikant Rahangdale Prop. Laxmikant Rahangdale
At+Post- Bhikewada, Th.- Paraswada, Dist.- Balaghat (M.P.)
No.-
Date- 
Shri 1369

| No. | Particulars | Qty. | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

Total-
Tax-
G. Total-
Rs. In Words
सरपंच ग्राम पंचायत पौण्डी
सचिव ग्राम पंचायत पौण्डी ज.पं. परसवाड़ा
For- Laxmikant Rahangdale
Scanned with OKEN Scanner

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायतों में शासन से निर्माण कार्यों के लिए आने वाली राशि में अनियमितता करना कोई नई बात नहीं है। लेकिन कोरे बिल पर सील साईन कर पैसे निकाल कर अनियमितता करने का एक बड़ा मामला परसवाड़ा जनपद पंचायत का सामने आ रहा है। जहां अधिकारी द्वारा अनियमितता करने के लिए सरपंच को खाली बिल पर सील साइन कर जारी करने के निर्देश दे दिए गए। जिस पर सरपंच प्रतिनिधि और पंचायत संघ के जिला अध्यक्ष का बयान और गलत तरीके से बनाया गया बिल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है । जिसको लेकर सरपंच संघ और सरपंच प्रतिनिधियों में आक्रोश है। सभी इस प्रकार से की जा रही अनियमितता के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। पूरा मामला जिले के जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत पौंडी का है।

आपको बता दे की जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत पौंडी जो की एक पेसा एक्ट की पंचायत है। जहाँ ग्राम की सरपंच आदिवासी महिला सीता परते हैं उनके पति हिमेश परते (पूर्व सरपंच) के साथ साथ अभी सरपंच के प्रतिनिधि हैं ।ग्राम पंचायत में घनश्याम भालेकर इंजीनियर और प्रभारी एसडीओ के रूप में अपनी सेवाएँ देते हैं । हिमेश परते द्वारा घनश्याम भालेकर इंजीनियर पर आरोप लगाया गया हैं की श्री भालेकर द्वारा पंचायत में किये गये कार्यों का उन्हें कुछ हिस्सा मांग रहे है । जब सरपंच प्रतिनिधि द्वारा हिस्सा देने से मना किया गया तो घनश्याम भालेकर ने कहा की वह कोरे बिल देते हैं (अपने कमीशन वाले वेंडरों के) और कहे कि मेरे वेंडर के खाते में पैसे डालो , मैं पैसे वहीं से ले लूंगा और यदि कोरे बिल मेरे हिसाब से नहीं डाले तो स्क्कभी नहीं भरूंगा और इतनी जांच करवाऊंगा की सरपंची भूल जाओगे। इन सब शिकायतों को लेकर पौंडी के सरपंच प्रतिनिधि जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष वैभव बिसेन के पास पहुंचे, जहां उन्होंने उनके साथ हुई पूरी घटनाक्रम को रखा और बताया कि ग्राम पंचायत में 6 तालाबों का निर्माण चल रहा है। जिसको लेकर इंजीनियर घनश्याम दो बिलों पर कमीशन मांग रहे हैं । जब उनके द्वारा मना किया गया तो उन्होंने साफ कह दिया कि उन्हें उनका हिस्सा होना , उन्होंने इन सब की शिकायत पंचायत सीईओ को भी की है और उन्होंने किसी प्रकार की राशि देने से इंजीनियर को मना भी किया था। उन्होंने यह भी कहा कि जो कोरे बिल उन्हें देये है उसे लगाना नहीं वह इस पूरी घटना को लेकर जिला कलेक्टर के पास भी शिकायत करने वाले हैं।

### आज अनियमितता करने की सीमा बहुत बढ़ गयी है - वैभव बिसेन

जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष वैभव बिसेन द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत पौंडी के सरपंच प्रतिनिधि हिमेश परते ने उन्हें बताया की उनकी पंचायत अंतर्गत आने वाले इंजीनियर द्वारा पैसे मांगे जा रहे है ।जिसका जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष ने विरोध किया और बताया कि आज अनियमितता करने की सीमा बहुत बड गयी है और कोरे बिल पर सील साइन कर इंजीनियर द्वारा जो पैसे निकाले जाने की बात कही जा रही है। वह गलत है ।वह चाहते हैं कि इस पर जिला प्रशासन संज्ञान ले और जनप्रतिनिधि भी शासन से आने वाली राशि का जो गलत रूप से उपयोग किया जा रहा है उस पर रोक लगाये और इस प्रकार से अनियमितता करने वाले अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो और उन अधिकारियों की सेवा भी समाप्त की जानी चाहिए। आज ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों में आने वाली राशि को गलत तरीके से उपयोग किया जा रहा है। जिससे ग्राम का विकास रुक जाता है जो की एक बड़ा विषय है । जिसकी शिकायत उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री से भी करने की बात कही है।

### ऑडियो भी हो रहा वायरल

सरपंच संघ जिला अध्यक्ष वैभव बिसेन और इंजीनियर घनश्याम का ऑडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें अध्यक्ष वैभव बिसेन इंजीनियर को इस प्रकार के कोरे बिल पर सील साइन करने की बात पूछ रहे हैं तो इंजीनियर द्वारा की गयी सील साइन के विषय में अपना स्पष्टीकरण देते हुए दोबारा इस प्रकार की कोरे बिल पर सील साईंन नहीं करने की बात कह रहे हैं और अपनी गलती भी वह मान रहे हैं। हालांकि इस ऑडियो की पद्मेश न्यूज़ और बालाघाट एक्सप्रेस पुष्टि नहीं करता है जब हमारे द्वारा इस पूरे विषय को लेकर परसवाड़ा जनपद पंचायत के सीईओ और जिला पंचायत के सीईओ से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो दोनों ही अधिकारियों ने फोन रिसीव नहीं किया ।जिस दुकान का यह बिल है जिन्होंने बिना सामग्री के ही कोरा बिल दे दिया है , उनसे भी दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया ।

## शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में दिया गया भावपूर्ण श्रद्धांजलि



उकवा(पदमेश न्यूज)।12 जून को गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक विमान हादसे का शिकार हो गया. हादसा इतना भयावह था कि विमान में सवार केवल एक ब्रिटिश यात्री को छोड़कर सभी लोगों की मौत हो चुकी है। मारे गए लोगों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल हैं. इस दुर्घटना ने पूरी दुनिया को झंझोकर के रख दिया, देश मे कही भी कभी भी कतई ऐसी घटना न हो, कि कभी कोई परिवार किसी अपने से ऐसे हादसे के बाद हमेशा के लिए बिछड़ जाए। इस दुर्घटना ने जहाँ लगभग इस विमान में 242 लोग (169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई यात्री और 12 क्रू मेंबर्स) सवार थे. हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 274 हो गई है, लोंगो को हमेशा के लिए अपनो से जुदा कर दिया वही जिंदगी भर के लिए अपनो की आंखों में आँशु छोड़ दिये। कुदरत का ये कहर असहनीय है। कि खुदा की मर्जी के आगे किसी की भी नही चलती, ओर उसके निर्णय के आगे सबको नतमस्तक होना पड़ता है, उन तमाम अहमदाबाद में विमान दुर्घटना से देवांगन दिवंगत आत्माओ को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बैहर के सभी समाजसेवी छात्रा- छात्राएं द्वारा भावभीनी श्रधांजलि अर्पित कर केंडल मार्च निकाला, इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित रहे। ब्लॉक समन्वयक महेश पटले, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, कुंदन मेरावी समाजसेवी संदीप गजभिये, अभय यादव, विमल भावे, ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे,अंकित पटले, सोनिका यादव, नीलिमा,शीतल बिसेन,लवकेश सोनवानी, पूर्णिमा,कुलदीप अजित गोदावरी कटरे, रक्षा पारधी आदि समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे!

# फांसी पर लटकी लाश पुलिस ने किया बरामद

## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 9 किमी. दूर ग्राम पंचायत साल्हे मो. निवासी 24 वर्षीय अजय गुजर की लाश पुलिस ने उसी के मकान से फांसी पर लटकी हुई बरामद किया है। पुलिस ने शनिवार को प्रातः 11 बजे पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साल्हे मो. निवासी 24 वर्षीय अजय गुजर की तीन वर्ष पहले ही शादी हुई थी और वह अपने माता-पिता के साथ रहता था। जिनके पिता एवं माँ 10 से 15 दिन पूर्व तुमसर कमाने चले गये है एवं घर पर पति-पत्नि रहते थे और 3 दिन पूर्व उनकी पत्नि की तबियत खराब हो गई थी। जिसे मिलने उसके सास-ससुर आये थे जिनके साथ उसकी पत्नि उपचार करवाने अपने मायके चले गई थी एवं अजय घर पर अकेला ही था। साथ ही दो-तीन दिनों से अजय शराब का सेवन भी कर रहा था। शुक्रवार को दोपहर में अजय अपने बड़े भाई के मकान की ओर गया था जिसके बाद घर आ गया था एवं शाम 7 बजे जब उनका बड़ा भाई अपने छोटे भाई के घर भोजन खाने बुलाने के लिए पहुंचा तो वह दिखाई नही दिया। जिसके बाद मकान के




अंदर घुसकर देखा तो वह फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। जिससे वह घबरा गया और पड़ोसियों को आवाज लगाया कि अजय ने फांसी लगा लिया है। जिसके बाद तत्काल लालबर्रा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वहीं थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी को साल्हे मो. में स्वयं के मकान में फांसी लगाने से अजय की मौत हो जाने की जानकारी मिलने के बाद पुलिसकर्मियों के साथ घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणजनों की मदद से शव को नीचे उतारकर आवश्यक कार्यवाही कर शव को लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। किन्तु रात हो जाने के कारण मृत व्यक्ति के शव को शव वि%छेदन गृह में रखवा दिया गया एवं दुसरे दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि अजय गुजर की तीन वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी, जिसके परिवार में पत्नि एवं मॉ-बाप है जिसके साथ वह रहता था एवं बड़ा भाई अलग रहता है अपने परिवार के साथ। अजय गत तीन दिनों से शराब पी रहा था, जिसकी पत्नि उपचार करवाने अपने मायके चले गई थी एवं अजय घर पर अकेला ही था। नशे की हालत या फिर किसी मानसिक तनाव में आकर फांसी लगाने से उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मामले की जांच की जा रही है - कुंवरलाल

दूरभाष पर चर्चा में सहायक उपनिरीक्षक कुंवरलाल टेकाम ने बताया कि साल्हे मो. से शुक्रवार की शाम में सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने स्वयं के मकान में फांसी लगा लिया है। जिसके बाद घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारकर आवश्यक कार्यवाही कर दुसरे दिन शनिवार को मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# बुट्टा ह. में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 14 किमी. दूर ग्राम पंचायत बुट्टा ह. में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष ) मोहगांव ध. के द्वारा 14 जून को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. पंकज मेश्राम एवं अन्य चिकित्सकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों के द्वारा 134 ग्रामीणजनों का उपचार आयुर्वेदिक पध्दति से किया गया। जिसमें वात रोग, कटिशूल, सायटिका, संधिवात, कास, दौर्बल्स, एनीमिया, उदररोग, मुखरोग, दंतरोग, उ%चरक्तचाप, मधुमेह, त्वचा रोग आदि रोगों का उपचार कर औषधी का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधित उचित मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर डॉ. पंकज मेश्राम, आयुर्वेद मेडिकल आफिसर एमडी पंचकर्म ने उपस्थित ग्रामीणजनों को आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी देकर प्रतिदिन योग करने के लाभ बताये एवं वर्षा ॠतु में पथ्य, अपथ्य आहार विहार के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सरपंच डॉ. सीके बघेल, उपसरपंच अमित डोंगरे, सचिव एशनलाल नगपुरे, पूर्व उपसरपंच लक्ष्मीनारायण झंझाड़े, डॉ. श्रध्दा ठाकरे, औषधी संयोजक राजेश लिल्हारे, तरूण बावनथड़े, एनएमए राजेन्द्र बोपचे, श्रीमती पुष्पलता बिसेन, प्रकाश फुलबांधे, डाली बोपचे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गढ़वाल समाज की मंडल स्तरीय बैठक आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी स्थित गढ़वाल समाज मंगल भवन में 15 जून को दोपहर 2 बजे से अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल पांढरवानी (लालबर्रा) की बैठक आहुत की गई है। चर्चा में मंडल अध्यक्ष श्रीमती मीना कुरूमजी ने बताया कि बैठक में समाज के नये आर्थिक स्त्रोतों पर आम सहमति बनाने का प्रयास किया जायेगा, साथ ही समाजहित के समसामयिक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की जायेगी। साथ ही यह भी बताया कि अगर किसी स्वजातीय बंधु की कोई सामाजिक समस्या है, तो वे अपने ग्राम प्रभारी से संपर्क कर अपनी समस्या से अवगत करवाये ताकि बैठक में उस पर विचार कर समाधान निकाला जा सके। साथ ही जिन ग्रामों में अभी तक समिति के पदाधिकारी नियुक्त नहीं हैं, वहां ग्राम समिति के गठन और पदाधिकारी नियुक्ति पर भी विचार किया जायेगा। आयोजित बैठक में पांढ़रवानी, कटंगटोला, आमाटोला, अतरी, छोटी पनबिहरी, बड़ी पनबिहरी, मानपुर, औलियाकन्हार, अमोली एवं लालबर्रा ग्रामों के सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील श्रीमती मीना कुरूमजी ने की है।

# ग्रामीण कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सेन्ट ग्रामीण कौशल प्रशिक्षण केन्द्र गायखुरी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम



जैन द्वारा मध्यस्थता योजना एवं भारतीय न्याय संहिता से संबंधित प्रावधानों, मोटरयान अधिनियम, न्यायालयीन प्रक्रिया एवं निशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। वहीं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे द्वारा नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा और उनके सरंक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना पॉक्सों अधिनियम, नशे के दुष्परिणाम एवं साईबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। शिविर में सेन्ट ग्रामीण कौषल प्रशिक्षण केन्द्र के डायरेक्टर एवं स्टॉफ, जिला प्राधिकरण के कर्मचारी धनेन्द्र उपराड़े एवं पैरालीगल वालेन्टियर विजय सुर्यवंशी तथा छात्र उपस्थित रहें।

# मुस्लिम कब्रिस्तान में मटके एवं कपड़े में मिली संवेदनशील सामग्री, पुलिस की मौजूदगी में की गई नष्ट

## लोगों ने जताई नाराजगी, पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने व आसामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने की मांग की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के सिवनी मार्ग अहिंसा द्वार के समीप आमाटोला स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान में शनिवार को दोपहर 12 बजे कब्रिस्तान के प्रवेश गेट पर लाल मटका एवं अंदर बेर के पेड़ में कपड़े में बंधा हुआ संवेधनशील (जादू-टोना) की सामग्री देखकर हड़कप मच गया। जिसके बाद दोनों मस्जिदों के इमाम, मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचे और इस तरह से मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान में असामाजिक तत्वों के द्वारा संवेदनशील चीजे (जादू-टोना) की सामग्री फेंके जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर उपनिरीक्षक महेन्द्रसिंह बघेल पुलिसबल के साथ सिवनी मार्ग स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान पहुंचे और लाल मटके एवं पेड़ से टांगे गये कपड़े को उतारकर उसे जलाकर नष्ट किया। आपकों बता दे कि सिवनी मार्ग अहिंसा द्वार के समीप आमाटोला स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान में मुस्लिम समुदाय के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसे उस स्थान पर उसे दफन किया जाता है और मुस्लिम समुदाय के लोग इस स्थान को पाक मनाते है। साथ ही शुक्रवार को नमाज के बाद, ईद व बकरीद त्यौहार के अवसर पर मुस्लिम भाई कब्रिस्तान जाते है जहां उनके द्वारा अपने गुजरे हुए बुजुर्गो को याद कर फातिहा पढ़ी जाती है। 14 जून को पांढरवानी सरपंच अनीस खान को मुस्लिम कब्रिस्तान के अंदर एक बैर के पेड़ पर सफेद कपड़े में बंधा कुछ बदबूदार पदार्थ एवं कब्रिस्तान गेट के समीप लाल मटके में कुछ सामग्री उन्हे दिखाई दिया। इस तरह कब्रिस्तान में बेर के पेड़ के ऊपर कुछ संवेदनशील सामग्री टंगी हुई दिखाई देने से उपस्थितजनों को यह आभास हुआ कि





किसी तरह का जादू टोना या टोटका है। जो इस कब्रिस्तान में किया गया है। जिसके बाद सरपंच के द्वारा वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष, लालबर्रा के दोनों मस्जिदों के ईमाम, सदरों, पुलिस प्रशासन एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों को जानकारी दी गई। जिसके बाद मुस्लिम कब्रिस्तान के प्रवेश गेट के अंदर लाल मटका, बैर के पेड़ के ऊपर संवेदनशील पदार्थ टंगे होने की जानकारी नगर मुख्यालय में आग की तरह फैल गई और मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। वहीं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में टोटके की मंशा से रखे गये मटका व पेड़ पर रखे कपड़ा बदबूदार पदार्थ को नष्ट किया गया। इस तरह से कब्रिस्तान में लाल मटके में कुछ सामग्री रखकर बांध दिया गया था। जो की एक तरह से जादू टोना व टोटका प्रतीत हो रहा था। जिसको देखकर लोग आश्चर्यचकित हो गये और असामाजिक तत्वों के द्वारा किये गये इस कृत्य को जादू-टोना की मंशा से करने की बात कही जा रही है। जिससे मुस्लिम समुदाय की भावना को ठेस पहुंची है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुलिस प्रशासन से कब्रिस्तान की ओर रात्रि गस्त कर असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने की मांग की है। चर्चा में वक्फ अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर अफसर कुरैशी ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान में एक पेड़ पर कपड़ा बंधा हुआ था जिसमें कुछ बदबूदार सामग्री थी एवं गेट के समीप लाल मटका था। जिससे संदेह हो रहा है कि किसी ने टोना-टोटका (जादु-टोना) की मंशा से फेंका होगा जिससे हमारी भावना को ठेस पहुंची है। इसलिए कब्रिस्तान पहुंचकर इस तरह से असामाजिक तत्वों ने किया है ऐसे व्यक्ति पर सख्त कार्यवाही करने की मांग पुलिस प्रशासन से किये है। जबकि कब्रिस्तान में मुस्लिम धर्म की आस्था जुडी हुई है। जहां हम लोग आते-जाते रहते हैं। इस तरह की घटना करना गलत है पुलिस प्रशासन असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्यवाही करें। फिरोज खान ने बताया कि कब्रिस्तान में सडक का निर्माण कार्य सरपंच महोदय के द्वारा करवाया जा रहा है जहां उनका आना-जाना लगा रहता है। उनके द्वारा आज एक पेड़ में कुछ बदबूदार सामान से बंधा कपड़ा टंगा हुआ एवं लाल मटका देखा गया। जिससे लग रहा है कि जादू टोने व टोटके वाले लोगों के द्वारा रात्रि के समय अंदर घुसकर किया गया है। जो गलत है, कब्रिस्तान हमारे लिए पवित्र स्थल है यहां पर अपने पूर्वजों के लिए दुआ करते हैं। पुलिस प्रशासन के द्वारा संवेदनशीन सामग्री को जलाकर नष्ट कर दिया गया है। श्री खान ने बताया कि पुलिस प्रशासन से मांग है कि रात्रि गस्त कर असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करें। इस अवसर पर पांढरवानी सरपंच अनीस खान, जामा मस्जिद मौलाना रिजवान खान, सदर अफसर कुरैशी, रजा मस्जिद ईमाम मोहम्मद इरशाद अहमद अशरफी, सदर मोहम्मद अनवर यासिनी, नायब सदर करीम रंगरेज, फिरोज खान, शकील कुरैशी, जाकिर कुरैशी तालिब कुरैशी, साकिर खान, मोहम्मद इमरान रंगरेज, जैनुल आबिदीन फिरोज कुरैशी, अल्ताफ खान, उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह बघेल, आरक्षक सुशील विश्वकर्मा, हेमंत बिसेन, वाहन चालक आरक्षक विजय बाबू, मतीन रजा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नल-जल योजना की क्षतिग्रस्त पाइपलाईन का करवाया गया मरम्मत कार्य

## पाइपलाईन क्षतिग्रस्त होने से हाईवे रोड़ किनारे से पानी बहने से होती थी परेशानी, अब नही बहेगा पानी, आवागमन में होगी सुविधा

### क्षेत्र की अन्य स्थानों की नल-जल योजना की पाइपलाईन में आई तकनीकी खराबी व क्षतिग्रस्त पाइपलाईन का मरम्मत कार्य करवाने की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के बालाघाट-सिवनी मार्ग स्थित बस स्टैण्ड के समीप हाईवे रोड़ किनारे हाई स्कूल मार्ग के प्रवेश गेट के सामने से नल-जल योजना की पाइपलाईन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके कारण जिस समय नल-जल योजना का पानी सप्लाई चालू रहती थी उस समय उक्त स्थान से पानी बहते रहता था। जिससे मार्ग किनारे पानी जमा होने एवं कीचड़ होने से सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या को लेकर विगत माह पूर्व बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार भी प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद पीएचई विभाग के अधिकारी हरकत में आये और शनिवार को क्षतिग्रस्त नल-जल योजना की पाइपलाईन वाले स्थान की जेसीबी मशीन से खुदाई कर पाइपलाईन का मरम्मत कार्य करवाया गया है एवं उसके आसपास सीमेन्ट की क्राकीट भी कर दी गई है ताकि ओवरलोड वाहनों के गुजरते समय वाहनों से चक्के गड्ढे में जाकर न फंसे। क्षतिग्रस्त पाइपलाईन का मरम्मत कार्य हो जाने से अब व्यर्थ में पानी नही बहेगा एवं आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना भी नही करना पड़ेगा। वहीं जागरूक नागरिकों ने पीएचई विभाग से जहां-जहां से नल-जल योजना की पाइपलाईन क्षतिग्रस्त है। उक्त स्थानों का मरम्मत कार्य करवाकर नियमित रूप से पानी





प्रदाय करने की मांग की है क्योंकि नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में कुछ स्थानों से नल-जल योजना की पाइपलाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण व्यर्थ में पानी बहते रहता है एवं पर्याप्त पानी नही मिलने से क्षेत्रीयजनों को पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आपकों बता दे कि लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाली 77 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजनों को छिंदलई वैनगंगा नदी का शुध्द पानी उपलब्ध करवाने की मंशा से करोड़ों रूपयों की लागत से विगत वर्ष पूर्व शासन की नल-जल योजना प्रारंभ की गई है और इस योजना के माध्यम से ग्राम पंचायतों में पानी टंकी का निर्माण कर पाइपलाईन के माध्यम से छिंदलई वैनगंगा नदी का पानी जाम स्थित जल शोधन संयंत्र केन्द्र में फिल्टर होने के बाद टंकी को भरकर घर-घर में किये गये नल कनेक्शन के माध्यम से ग्रामीणजनों को पानी प्रदाय किया जाता है। लेकिन पाइपलाईन बिछाने का कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण कुछ स्थानों की पाइपलाईन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ऐसी स्थिति में मंदिरटोला मोहगांव (बोरी), कामथी, मिरेगांव, गणेशपुर सहित अन्य ग्रामों के अधिकांश वार्ड में निवासरत लोगों को लंबे समय से नल-जल योजना का पानी नही मिल पा रहा है। जिसके कारण गर्मी के दिनों में इन ग्रामों में पानी की समस्या बनी हुई है। जागरूक नागरिकों ने पीएचई विभाग के अधिकारियों से जिस तरह से लालबर्रा बस स्टैण्ड के समीप हाईवे रोड़ किनारे की क्षतिग्रस्त पाइपलाईन का मरम्मत कार्य करवाया गया है। उसी तरह से अन्य स्थानों की क्षतिग्रस्त पाइपलाईन का मरम्मत एवं तकनीकी खराबी को सुधार कर नल-जल योजना का पानी प्रदाय करने की मांग की है।

# मंगेझरी के भद्रीटोला में नल जल योजना ठप्प

## पानी की किल्लत से ग्रामीण आक्रोशित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगेझरी के भद्रीटोला में पानी की किल्लत से ग्रामीणों में त्राहि त्राहि की स्थिति बनी हुई है। जहां पर पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस दौरान उन्हें करीब आधा किलोमीटर से १ किलोमीटर की दूरी तय कर पीने और उपयोग के लिए पानी प्राप्त करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि पूरे टोले में मात्र दो हैंडपंप स्थित है वह भी पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं। तो वहीं शासन की नल जल योजना पूरी तरह बंद पड़ी हुई है इसके निर्माण के बाद से ग्रामीण नलों से निकल रही हवा की जगह पानी निकालने की आस लगाए बैठे हुए हैं। परंतु यह उनके लिए स्वप्न ही साबित हो रहा है ऐसे में ग्रामीणों के द्वारा नल जल योजना के माध्यम से पानी दिए जाने की मांग कर रहे हैं। ताकि उनके दैनिक उपयोग के लिए आसानी से पर्याप्त पानी प्राप्त हो सके।





### 1 वर्ष पूर्व से ग्रामीणों को नही मिल रहा नल जल योजना का पानी

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मंगेझरी के वार्ड नंबर १८ भद्रीटोला सहित बलीपाठ टोला और एक अन्य टोल के लिए जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना की पानी की टंकी का निर्माण कर पाइपलाइन का विस्तार किया गया था। ताकि योजना के माध्यम से तीन टोला को पानी उपलब्ध कराया जा सके । परंतु वर्तमान में दो टोला में नल जल योजना का पानी प्राप्त हो रहा है। किंतु वार्ड नंबर १८ भद्रीटोला में योजना निर्माण के कुछ दिन तक पानी दिया गया परंतु बीते करीब १ वर्ष से अधिक समय हो गया है उक्त टोले में पूरी योजना ठप पड़ी हुई है। जबकि उक्त टोले में करीब ४० परिवार में २०० से अधिक लोग निवास करते हैं ,जिनके लिए मात्र दो हैंड पंप जल स्रोत के रूप में स्थित है। वह भी पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं तो वहीं जंग युक्त पानी भी उगल रहे हैं। इस परिस्थिति में ग्रामीणों को ग्राम के कुछ लोगों के मकान में लगे हुए ट्यूबवेल से पानी लेना पड़ रहा है ।वहीं कई लोगों को खेत में लगे ट्यूबवेल से पानी लाना पड़ रहा है। इस दौरान पीने के पानी की सबसे ज्यादा किल्लत बनी हुई है जहां पर ग्रामीणों को १ से २ दिन तक पानी को चलना पड़ता है जहां पर जल संकट जैसी स्थिति स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। ऐसे में ग्रामीणों के द्वारा ग्राम सरपंच व पीएचई विभाग के अधिकारियों को शिकायत भी की गई है । परंतु आज तक किसी के द्वारा उक्त विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेकर पानी की किल्लत को खत्म करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है। जहां निवासरत लोगों के अंदर पानी की समस्या को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

### जंग युक्त पानी पीने को मजबूर है ग्रामीणजन-होलिराम भलावी

ग्रामीण होलिराम भलावी ने बताया कि भद्रीटोला वार्ड नंबर १८ में पानी की स्थिति गंभीर है पानी मिलता ही नहीं है।



जंग का पानी हैंडपंप से निकल रहा है जिसे पीने के लिए हम मजबूर है हमारे यहां दो हैंडपंप है टोले के दो छोर पर स्थित है। जहां से हर मकान वाले को दूरी तय करनी पड़ती है । उनसे भी पर्याप्त पानी नहीं मिलता है और मीठा पानी लाने के लिए बहुत समस्या है। नल जल योजना जब प्रारंभ हुई तो शुरू में कुछ दिन हमें पानी दिया गया फिर जो बंद पड़ी है तो आज भी चालू नहीं हुई। करीब १ साल से ज्यादा का समय हो गया है हमें पानी नहीं मिल रहा है जबकि हमें पानी मिलना चाहिए।

### 200 परिवार को नही मिल रहा पानी सरपंच नही दे रहा ध्यान-कलाबाई पारधी

ग्रामीण कलाबाई पारधी ने बताया कि हमारे यहाँ पानी की समस्या बहुत है इधर.उधर किसी.किसी के घर से दो.दो बाल्टी पानी लाकर पूर्ति कर रहे हैं।कपड़े धुलने और नहाने की समस्या बड़ी है इसलिए हम यह काम खेतों में करते हैं



करीब १ किलोमीटर हमें यहां से अपने खेत जाना होता है वहीं पर हम कपड़े धोते हैं नहाना धोना करते हैं। बहुत बड़ी पानी की समस्या है हैंडपंप से थोड़ा.थोड़ा पानी आता है अब कितना हैंडपंप हम चलाएंगे। यहां पर ४० मकान में २०० लोग रहते हैं और सभी परेशान हैं सरपंच को बोले तो कुछ हुआ नहीं। हैंडपंप से एक बाल्टी पानी निकालने में हम थक जाते है हमें पानी चाहिए अभी तो इधर उधर से जरूरत पूरी कर रहे हैं।

### सरपंच कहता है ठेकेदार से शिकायत करो मैं कुछ नही कर सकता-सुनीता पटले

ग्रामीण सुनीता पटले ने बताया कि हमारे यहां पीने के पानी की बड़ी समस्या है बांसा पानी हम पीते हैं आज का पानी कल तक उपयोग करना पड़ता है। खारा पानी हमें पीने की इच्छा नहीं होती है उसमें हम कपड़ा नहीं धूल सकते साबुन निरमा सब फटता है। यह जो हैंडपंप है हमारे यहां दो उससे भी हम परेशान हैं हर किसी को पानी लाने के लिए आधा से १ किलोमीटर दूर जाना होता है।मेरे द्वारा स्वयं सरपंच को कहा गया था कि नल जल योजना में घर.घर कनेक्शन दिया गया है तो



पानी भी दे दो तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार से शिकायत करो। बहुत बड़ी मजबूरी हमारे सामने है दो से तीन दिन पुराना पानी पीना पड़ता है।

### टंकी बनी है और पानी नही मिल रहा है तो सरपंच ने कैसे हैंडोवर किया-विजय नेवारे

वार्ड पंच विजय नेवारे ने बताया कि हमारे यहां नल जल योजना की पानी की टंकी बनी है पर आज तक कभी भी पानी नहीं मिला है। डेढ़ वर्ष हो गया है टंकी बनी है पंचायत ने उसे हैंडोवर ले ली है सरपंच ने कैसे लिया पता नहीं इसकी शिकायत भी हमने किये थे परंतु समाधान कुछ हुआ नहीं। हम चाहते हैं कि हर किसी को पानी मिले यह टंकी तीन टोलो को पानी देने के लिए बनाई गई थी। किंतु दो टोले को पानी मिल रहा है हमारे टोले पर पानी



नहीं आता है और इतने बड़े टोले के लिए मात्र दो हैंडपंप है। वह भी थोड़ा.थोड़ा पानी निकलता हैं बाकी लोगों के घरों में या खेतों में बने ट्यूबवेल से पानी ला रहे हैं। यह जब शासन की योजना है तो हमें भी इसका लाभ मिलना चाहिए परंतु हमारा टोला योजना से वंचित है।

# लाइब्रेरी से अज्ञात व्यक्ति ने की साइकिल चोरी

## मामला दिनदहाड़े चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर १४ गंगोत्री कॉलोनी स्थित स्टडी प्वाइंट लाइब्रेरी से १३ जून की दोपहर में दिनदहाड़े अज्ञात व्यक्ति के द्वारा साइकिल चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में निशांत चौधरी के द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कर दी गई है । यह चोरी की वारदात दोपहर करीब ३ बजे की बताई जा रही है जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। मामले में पुलिस के द्वारा जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर सहित क्षेत्र के युवा प्रतियोगी परीक्षा सहित अन्य प्रकार की तैयारी करने के लिए लाइब्रेरी में अध्ययन करने के लिए जाते हैं। ऐसे ही ग्राम सिकंद्रा निवासी निशांत चौधरी भी अपनी साइकिल से गंगोत्री कॉलोनी स्थित लाइब्रेरी में पढ़ाई करने के लिए आना जाना करता था। जो १३ जून को लाइब्रेरी के सामने अपनी साइकिल खड़ी कर अंदर पढ़ाई कर रहे थे इसके बाद वह बाहर निकल कर घर जाने देखे




तो मौके से उनकी साइकिल गायब थी। जिसकी शिकायत लाइब्रेरी संचालक को की गई जहां पर सीसीटीवी कैमरे देखने पर पता चला कि करीब ३ बजे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा साइकिल चोरी कर ली गई है। जिस पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज सहित चोरी की शिकायत पुलिस थाना वारासिवनी में निशान चौधरी के द्वारा कर दी गई। जिसके बाद पुलिस के द्वारा मामले में जांच प्रारंभ कर दी गई है। हालांकि अभी तक अज्ञात व्यक्ति और साइकिल का पता नहीं चल पाया है ,परंतु पुलिस के द्वारा जल्द ही उक्त व्यक्ति की पहचान करने की बात कही जा रही है। सौरभ मिश्रा ने बताया कि नगर सहित क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति लगातार घूमते रहते हैं जिनके द्वारा कहीं से कुछ भी उठाकर चोरी कर लिया जाता है। ऐसे ही यह साइकिल की चोरी की गई है पुलिस प्रशासन को उक्त व्यक्ति की जल्द पहचान कर कार्यवाही करना चाहिए। ताकि इस प्रकार की चोरी करने वाले लोगों के अंदर भय बना रहे। इस चोरी में निशांत को करीब ३००० रूपये की नुकसानी हुई है।

# पर्यावरण संरक्षण का उतना ही महत्व है जितना मानव जीवन का- कविता इवनाती

## न्यायालय में पर्यावरण जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी न्यायालय परिसर में वर्ष २०२५ के पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन व पंच.ज अभियान व विशेष वृक्षारोपण तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह पर्यावरण जागरूकता शिविर श्रीमती कविता इवनाती विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट एवं पक्षकारगण की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जहां विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया तत्पश्चात इस शिविर में पर्यावरण के महत्व को बताते हुए कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गया है। तेजी से बढ़ते प्रदूषण वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। स्वच्छ जल वायु और हरित क्षेत्रों की कमी मानव जीवन को प्रभावित कर रही है। आज के युग में पौधे ही मानव की जीवन रेखा हैं पौधों एवं वृक्षों के बिना जीवन जीना संभव नहीं है। पर्यावरण संरक्षण का उतना ही महत्व है जितना मानव जीवन का। वर्तमान समय में भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही हम पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में सहयोग प्रदान कर



सकते हैं। उक्त आयोजित शिविर में उपस्थित जन को यह संकल्प दिलाते हुए प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सकारात्मक संदेश दिया गया और शिविर के अंत में कहा कि पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है। मानव जीवन के रक्षार्थ हेतु प्रत्येक परिवार के द्वारा जन्मदिवस जैसे शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की गई।

# आपसी रंजीस में प्राण घातक ,हमला तीन व्यक्ति घायल

## घायल तीनों व्यक्ति बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। रामपायली पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत नवेगांव तीन में १४ जून को आपसी रंजीस को लेकर बिसेन परिवार के सदस्यों पर अटराहे परिवार के द्वारा प्राणघातक हमला कर दिया गया। जिसमें किशनलाल बिसेन, रज्जू बिसेन, प्रकाश बिसेन गंभीर रूप से घायल हो गये। यह घटना उस समय की बताई जा रही है जब बिसेन परिवार के सदस्य ट्रैक्टर से गोबर की खाद लेकर खेत जा रहे थे। मामले में परिजनों के द्वारा तत्काल घायलों को सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया है। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवेगांव तीन निवासी किशनलाल बिसेन का परिवार खेती किसानी करता है। जो अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर में रखी हुई गोबर की खाद को ट्रैक्टर में भरकर खेत में खरीफ की फसल लगाने के पहले डालने के लिए जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर में किशनलाल बिसेन, रज्जू बिसेन ,प्रकाश बिसेन ,संतोष बिसेन ,महेश बिसेन, अशोक हरिनखेंडे






,अज्जू बिसेन सहित अन्य लोगों शामिल थे। तभी रास्ते में मां शारदा मंदिर के पास में ग्राम के भाऊलाल अटराहे ,नेतलाल अटराहे ,जियालाल अटराहे, महेन्द्र अटराहे सहित अन्य लोगों के द्वारा ट्रैक्टर रोककर लोहे की सरिया एवं कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला करना प्रारंभ कर दिया गया। इस मारपीट में किसानलाल पिता पूरनलाल बिसेन ,रज्जु पिता ईश्वरी बिसेन ,प्रकाश पिता नंदकिशोर बिसेन सभी नवेगाव ३ निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में घायलों को ग्रामीणों सहित परिजनों के द्वारा तत्काल सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया ।जहां पर डॉक्टर के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बालाघाट रिफर कर दिया गया है। इसमें किशनलाल बिसेन और रज्जू बिसेन को सर के ऊपर सरिया की मार से गंभीर चोट आई है। यह घटना का कारण दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजीश को बताया जा रहा है। जिसको लेकर यह मारपीट हुई है तो वहीं परिजनों के द्वारा रामपायली थाने में भी शिकायत दर्ज करवा दी गई है।

### ट्रैक्टर में खाद लेकर जा रहे थे तभी कुछ लोगो ने मारपीट कर दिया-प्रकाश बिसेन

घायल प्रकाश बिसेन ने बताया कि हम नवेगांव तीन के रहने वाले हैं ट्रैक्टर से हम खाद लेकर खेत की तरफ जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर में संतोष बिसेन, महेश बिसेन ,अशोक हरिनखेंडे ,अज्जू बिसेन सहित हम सभी लोग थे। यह ट्रैक्टर को कुछ लोगों के द्वारा रास्ते में रोका गया जिनके हाथ में लोहे की सरिया और टांगिया थी जिन्होंने अचानक हमारे ऊपर हमला करना प्रारंभ कर दिया। जिसमें नेतलाल अटराहे ,भाऊलाल अटराहे थे फिर जियालाल अटराहे ,महेंद्र ,नानू सभी लोग आ गए। उन लोगों ने हमें मारपीट करना प्रारंभ कर दिया यह घटना करीब ६ बजे की है जबकि हमारा कोई झगड़ा नहीं था और ना ही कुछ हुआ था।

# अज्ञात व्यक्ति ने की जनपद सदस्य जगदीश बंसोड़ की मोटरसाइकिल की चोरी

## मामला रामपायली के बस स्टैंड अमई मार्ग का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपायली के बस स्टैंड से अज्ञात चोरो के द्वारा फल दुकान में खड़ी मोटर साइकिल चोरी कर ली गई। यह मोटरसाइकिल रामपायली जनपद सदस्य जगदीश बंसोड़ की है जिनके द्वारा अपनी फल दुकान के पास में रखी हुई थी। जहां पर अज्ञात चोर के द्वारा चलते हुए मोटर साइकिल चोरी कर ली गई। जिसकी शिकायत जनपद सदस्य जगदीश बंसोड़ के द्वारा पुलिस थाना रामपायली में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपायली जनपद क्षेत्र से जनपद सदस्य जगदीश बंसोड़ के द्वारा बस स्टैंड में फल की दुकान संचालित करवाई जाती है। जहां पर उनके द्वारा प्रतिदिन मोटरसाइकिल खड़ी की जाती थी। ऐसे ही १३ जून की शाम को उनके द्वारा पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी ५० एम यु ८८९१ खड़ी कर दुकान बंद करने का कार्य किया जा रहा था। तभी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई जो उन्होंने घर जाने के लिए देखा तो मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं थी। इसके आसपास पतासाजी की किंतु कहीं भी कोई जानकारी नही मिलने पर रामपायली थाने में उनके द्वारा लिखित शिकायत कर अज्ञात व्यक्ति पर कार्यवाही करने की मांग की है। दूरभाष पर चर्चा में जगदीश बंसोड़ ने बताया कि रामपायली के बस स्टैंड में उनकी फल दुकान है। जहां पर रात्रि में उनके द्वारा मोटरसाइकिल खड़ी की गई थी यह पैशन प्रो मोटरसाइकिल उनके भांजे की है। वह अपने परिजनों के साथ रात्रि में अमई मार्ग पर मोटरसाइकिल खड़ी कर दुकान को बंद कर रहे थे। तभी अचानक एक गुलाबी शर्ट और काला पेंट पहना हुआ व्यक्ति आया और वारासिवनी बस की जानकारी पूछने लगा तो उन्होंने उसे चौक पर खड़े होने के लिए कहां। इसके बाद वह अपने काम में जुट गए और थोड़ी देर बाद देखा तो गाड़ी मौके पर नहीं थी जो गुलाबी शर्ट और काला पेंट पहने हुए अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गई है। मामले में शिकायत देर रात थाने में कर दी गई है इस प्रकार चोरी की घटना ठीक नहीं है कि रोड चलते चोरी कर रहे हैं ऐसा लगता है कि उनके अंदर कोई कानून का डर नहीं है। पुलिस प्रशासन को ऐसे अज्ञात चोरों पर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए।

# प्रदेश में आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण 16 जून से

भोपाल ।निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जून 2025 को पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं, ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। आवेदकों द्वारा स्कूलों के च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य 16 जून से 20 जून तक किया जा सकेगा। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून 2025 को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून 2025 तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा और पुनः सत्यापन प्रक्रिया भी नहीं होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था। वह द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकते हैं।

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** निचले भावों पर लेवाली निकलने से शनिवार को अनाज मंडी में मूंग बाजार तेजी के रहे। तुअर बाजार घटाकर बोले गये। खाद्य तेलों में बाजार सुस्ती के रहे। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में नारियल व खोपरा गोला मजबूती पर रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार मूंग में निचले भावों पर लेवाली रहने से बाजार 300-400 रू. प्रति क्विंटल तक उछल गये। तुअर में बाजार घटाकर बोले गये। खाद्य तेलों में सुस्ती देखी गयी। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। उधर, किराना जिंसों में नारियल व खोपरा गोला मजबूती पर रहा। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4110-4150, खोपरा गोला 250-290, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 95-120, बेस्ट 280-315, एस्ट्रा बेस्ट 320-350, सौंफ बारिक 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1150-1200, क्लीन 1350-1600, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1850, बेस्ट 1950-2050, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 900-950, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 870-900, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 870-925, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2600-2650, (160) 2900-3000, (200) 3300-3400, (250) 3400-3500

**तेल**- सींगदाना 1340-1360, मुम्बई 1380, राजकोट तेलिया 2150-2160, सोया साल्वेंट 1070-1080, सोया रिफाइंड 1130-1140, कपास्या 1180, धूलिया 1190, कड़ी 1190,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1340, मुम्बई पाम 1160, मुम्बई सोया 1170,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2250, देवास-उज्जैन 2250, खंडवा-बुरहानपुर 2225, अकोला 3100 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6300-6400, रायडा 5600-5700, सोयाबीन 4100-4200, टोली (महुआ बीज) 4300-4400, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5700-5750, एवरेज 5000-5100, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशा?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6050-6100, एवरेज 6000-6050, मूंग देशी 6400-6500, पाला 6500-6600, चमकी 6600-6700, नायलोन 6900-7000, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7500-8500, मीडियम 7400-7600, बेस्ट 7700-7800, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 340, उज्जैन 260, रतलाम 280 रू. प्रति किलो।

# इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** ईरान और इज़राईल के बीच चल रही तनातनी से विश्व बाजार में दोनों कीमती धातुओं में तेजी के समीकरण बन गए है। शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में भी दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 103500, चाँदी (99) 103400, टंच 102500, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 98900,

## क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय की आयकर विभाग कर रहा जांच

**मुंबई।** अगर आपने क्रिप्टोकरेंसी से कमाई की है और उसे आयकर रिटर्न में नहीं दिखाया है, तो आपको अब सतर्क रहने की आवश्यकता है। आयकर विभाग ने ऐसे हजारों लोगों को ई-मेल भेजकर उनकी क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय की जानकारी देने के लिए साधारित किया है। माना जा रहा है कि कुछ लोग बिना हिसाब की आय को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं और टैक्स चोरी या मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका भी है। आयकर विभाग ने इन लोगों से उनके आय से संबंधित जानकारी देने के लिए योग्यता की मांग की है।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए किसी बड़े इन्वेस्टमेंट को करने के लिए भी अच्छा रहेगा। आप किसी बात को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपके कामों में यदि कुछ कठिनाईयां आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। जीवनसाथी से आपको अपने रिलेशनशिप को मजबूत करने की आवश्यकता है, क्योंकि छोटी-छोटी बातों पर आपकी नौकझोक होती रहेगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है।

**वृषभ**- आज का दिन कारोबार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप बेवजह किसी वाद-विवाद में ना पड़ें और आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। संतान को कोई शारीरिक समस्या हो सकती है, जिससे आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा। राजनीति की तरफ कदम बढ़ा रहे लोगों को थोड़ा सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि उनके विरोधी उनके कामों में भी विघ्न डालने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपके मन में किसी काम को लेकर थोड़ी उथल-पुथल बनी रहेगी। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे। आपको अधिकारियों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपसे कामों में कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपकी माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दें, तो आप उससे पीछे बिल्कुल ना हटें। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए चिंताओं से मुक्ति दिलाने वाला रहेगा। यदि आपने किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतारने की कोशिश करेंगे। आप कार्यक्षेत्र में काम को लेकर कोई पार्टनरशिप कर सकते हैं। माताजी की सेहत में चल रही समस्या को आप नजरअंदाज ना करें। संतान किसी खेल प्रतियोगिता की तैयारी कर सकती है। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आप किसी से कोई उधार का लेनदेन ना करें और आपको खर्च करने से भी बचना होगा, क्योंकि आपका बजट बिगड़ सकता है। आप अपने बॉस की बातों पर पूरा ध्यान दें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। आपकी कोई बात किसी सदस्य को बुरी लग सकती है, इसलिए आपको थोड़ा ध्यान देकर कामों को करने की आवश्यकता है।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके बिजनेस की यदि कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। आप संतान के करियर को लेकर कोई फैसला जल्दबाजी में न लें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। आपको शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्ट करने का मौका मिले, तो आप दिल खोलकर कर सकते हैं। आपके जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपका कोई अटका हुआ काम पूरा होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी कुछ विशेष व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आपको संतान की सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। नव विवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर थोड़ा संयम रखने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा। आप यदि कहीं कोई निवेश करने की सोच रहे हैं, तो उसमें थोड़ी समझदारी दिखाएं और अपने कामों को किसी के भरोसे ना छोड़ें, नहीं तो उन्हें पूरा करने में समस्या अवश्य आएगी।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। धन प्राप्ति के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होगी। जीवनसाथी के करियर को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। कारोबार में अचानक किसी काम को लेकर आप अक्समात यात्रा पर जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई नई जिम्मेदारी मिलने से खुशियां भरपूर रहेंगी।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपको एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त होगी और आपका यदि कोई पुराना केस चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। लेनदेन से संबंधित मामलों को लेकर आपकी टेंशन बनी रहेगी, क्योंकि आपका धन कहीं फंस सकता है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है। आप उसमें पुराने गिले शिकवे ना उखाड़ें, तो यह आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। दान धर्म के कार्यों में भी आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, लेकिन आपकी किसी संपत्ति को खरीदने की इच्छा पूरी होगी, उसमें आपको जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके पास काम अधिक रहने से व्यस्तता बनी रहेगी, लेकिन आपको किसी निवेश संबंधी मामले में अनुभवी व्यक्ति से सलाह की आवश्यकता होगी। आपका कोई काम समय से पूर्ण होने से मन परेशान रहेगा।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए व्यापार में अच्छी सफलता लेकर आने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को ट्रांसफर मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। प्रॉपर्टी को लेकर कोई विवाद था, तो वह आसानी से समाप्त होगा और आपको किसी काम को पूरा करने के लिए अपने किसी साथी से मदद की आवश्यकता होगी। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी।

## शब्दजाल - 7930

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | म | गा | ई | ड | र | रे | फा | न | प | खा |
| न | ल | क | प | इं | डो | श | शि | या | ड़ | मो |
| अ | दा | क | ला | र | ग | मा | द | प्रे | प | शी |
| ती | ग | ल | म | ब | दू | औ | प | म | लि | ला |
| त | स | अ | सौ | ल | जा | र | कि | पु | ला | स |
| आ | इ | री | मो | व | आ | शे | त | जा | लू | पा |
| ग | जी | ल | क | व | प | रा | न | री | प्र | स |
| र | रि | भा | र | स | प | स | द | र | रा | वा |
| को | ह | रा | ना | थ | म | ज | जी | न | खी | न |
| न | ट | प | त्थ | र | के | स | न | म | प | श |
| ब | बी | स | सा | ल | बा | द | त्ता | प | क | र |

*शब्दजाल में 'वहीदा रहमान' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

गाईड,नीलकमल,प्रेम पुजारी,रेशमा और शेरा,खामोशी,पत्थर के सनम,तीसरी कसम,कोहरा,राखी,बीस साल बाद

## शब्दजाल - 7929 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | अ | ए | अ | बा | ग | बां | व |
| द | ज | ल | श | ज | मे | स | द | ह | कां | मो |
| र | स | न | रा | दी | छ | ज | आ | र्म | ख | ह |
| इं | स | ल | बी | दि | वा | स | र | ल | श | ब्ब |
| डि | आ | दो | ग | बो | ज | ना | प | सा | झ | तें |
| य | को | द | र | दि | ग | उ | खु | ण | ब | क |
| ती | व | लि | मी | या | प | र | दा | नां | व | सु |
| अं | एं | अ | या | द | ब | क | ग | ए | श | हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | वा | औ | प | ग |
| अं | धा | का | नू | न | जी | त | ह | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | आं | खें | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6874



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 6873**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | मो | शी | | आ | प | की | क | स | म |
| की | | शा | दी | | ड़ो | | भी | | स्त |
| | आ | | वा | प | स | | ना | | |
| प | ह | चा | न | | न | या | क | द | म |
| रा | | | गी | ता | | | भी | | ड |
| या | रा | ना | | ज | मा | ना | | स | र |
| ध | | य | ति | म | | | रा | नी | |
| न | म | क | | ह | म | रा | ज | | फ |
| | र्या | | | ल | | जे | | | रा |
| अ | दा | ल | त | | इं | द्र | कु | मा | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8398



**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

**शब्द पहेली -8397 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | फ | री | ह | | क | ल | र | व |
| क | | छ | ल | क | प | ट | | र |
| रा | ख | | | म | | | बं | दा |
| र | त | | प | ल | क | | दा | न |
| | र | स | ना | | मा | ख | न | |
| त | ना | | ह | म | ल | | वा | स |
| ल | क | | | ग | | | ज | ल |
| घ | | म | न | र | ख | ना | | वा |
| र | म | जा | न | | त | क | दी | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**15 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.18 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कर्क | 07.32 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.48 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.00 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.10 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.25 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.41 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.46 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.33 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.06 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | मेष | 01.36 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.16 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 166 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 15.52 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 01.00 बजे रात्र को समाप्त। **योग** इन्द्र 12.19 बजे को समाप्त। **करण** बालव 15.52 बजे तदनन्तर कौलव 03.45 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 19' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872376 **जूलियन दिन** 2460841.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 18 **विशेष** मिथुन संक्रांति, पितृ दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: नीति-विहीनता का दुष्परिणाम

रामायण में एक बड़ा ही बोधप्रद प्रसंग आता है. यह पता चल जाने पर कि सीता लंका में रावण की अशोक वाटिका में वंदिनी हैं, श्रीराम लंका-विजय करके उन्हें मुक्त कराने के लिए अपनी सेना लेकर उस ओर कूच करते हैं, लेकिन बीच में सागर आ जाता है. उसे पार करने के लिए सेतु का निर्माण किया जाता है. अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार सब पुल बनाने में जुट जाते हैं. नल-नील उस कला में निष्णात हैं. वे पत्थरों को जमाते हैं. एक गिलहरी बालू के कण उठा-उठाकर लाती है. वानरों की सेना बड़ी तत्परता से सहायता करती है. हनुमान की स्फूर्ति तो देखते ही बनती है. वह बिजली की गति से पत्थर उठाकर लाते हैं और उन पर राम का नाम लिखकर पानी में डाल देते हैं. पत्थर एक-दूसरे से जुड़कर पुल को आगे बढ़ाते हैं. श्रीराम सबको काम में संलग्न देखकर स्वयं आगे आते हैं और उनका हाथ बंटाने के लिए पत्थर उठाकर लाते हैं. लेकिन यह क्या? पानी में डाले उनके पत्थर तैरते नहीं, डूब जाते हैं. राम अवाक् होकर देखने लगते हैं. उनकी निगाह हनुमान पर जाती है. उनके पत्थर तो बराबर पानी पर तैर रहे थे. श्रीराम ने विस्मित होकर पूछा, ''हनुमान, यह माजरा क्या है कि तुम्हारे पत्थर पानी पर तैर रहे हैं और मेरे पत्थर पानी में डूब रहे हैं?'' स्वामी की ओर देखकर हनुमान बोले, ''प्रभो, इसमें कोई रहस्य नहीं है.'' ''तब? ऐसा क्यों हो रहा है?'' हनुमान कुछ देर मौन रहे, फिर भाव-विह्वल होकर बोले, ''स्वामी, जो आपके हाथ से छूटेगा, वह बिना डूबे नहीं रहेगा.'' इस प्रसंत का प्रतीकात्मक अर्थ है. श्रीराम नीति के पर्यायवाची हैं. तात्पर्य यह है ति जो व्यक्ति नीति के मार्ग को छोड़ता है, उसका पतन अवश्यम्भावी है.

## सूडोकु नवताल- 7183

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7182 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# साप्ताहिक आधार पर बाजार ने पिछले हफ्ते की बढ़त गंवाई

मुंबई। साप्ताहिक आधार पर घरेलू शेयर बाजार ने पिछले हफ्ते की बढ़त गंवाई और सेंसेक्स और निफ्टी 1 फीसदी से ज्यादा गिरावट पर बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना है कि ईरान पर इजराइल के हमले बढ़ने की वजह से जियोपालिटिकल तनाव, कच्चे तेल के बढ़ते दाम, अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता ने बाजार में दबाव बनाने का काम किया। पिछले सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों की बात की जाए तो अमेरिका और चीन के बीच लंदन में ट्रेड वार्ता होने और वैश्विक बाजारों से पॉजिटिव संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हफ्ते के पहले कारोबारी दिन मजबूती के साथ खुले। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक चढ़कर 82,574.55 अंक पर खुला और 256.22 अंक चढ़कर 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 91.05 अंक की बढ़त लेकर 25,111 पर खुला और 100.15 अंक बढ़कर 25,103.20 अंक पर आ गया। मंगलवार को घरेलू मोर्चे पर आरबीआई के हालिया रेपो रेट




कटौती से माहौल सकारात्मक बनने से सेंसेक्स 81.41 अंक की बढ़त लेकर 82,526.62 पर खुला और 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 20.60 अंक की बढ़त लेकर 25,136 पर खुला और 1.05 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,104.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी ने हरे निशान के साथ कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 118.11 अंक चढ़कर 82509.83 पर खुला और 123.42 अंक चढ़कर 82,515.14 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 33.33 अंक चढ़कर 25,137.35 पर खुला और 37.15 अंक बढ़कर 25,141.40 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 123.42 अंक चढ़कर 82,515.14 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई निफ्टी 37.15 अंक बढ़कर 25,141.40 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स 56.53 अंक चढ़कर 82,571.67 पर खुला। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 23.05 अंक चढ़कर 25,164.45 पर पहुंच गया। गुरुवार को सेंसेक्स 56.53 अंक चढ़कर 82,571.67 पर खुला और 823 अंक या 1 प्रतिशत गिरकर 81,691.98 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 23.05 अंक चढ़कर 25,164.45 पर खुला और 253.20 अंक या 1.01 प्रतिशत गिरकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1337.39 अंक गिरकर 80,354.59 पर खुला और 573.38 अंक गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ।

# इजरायल-ईरान तनाव- भारत सरकार सतर्क, अर्थव्यवस्था पर कोई बड़ा असर नहीं

मुंबई। इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ते जा रहे हैं और इसके विभागीय असर को लेकर भारत सरकार सतर्क है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक भारत की अर्थव्यवस्था पर इस संघर्ष का बड़ा प्रभाव अभी तक नहीं पड़ा है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी की संभावना है जो भारतीय शेयर बाजार, रुपए की कमजोरी और समुद्री मालवाहन खर्चों में वृद्धि को प्रेरित कर सकती है। वित्त मंत्रालय और अन्य संबंधित संस्थाएं बाजार की स्थिति पर नजर रख रही हैं और अब भी विश्वास है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है और जटिलताओं से निपटने में सक्षम है। यदि कोई असर पड़ता है, तो यह अस्थायी होगा और दीर्घकालिक प्रभाव की संभावना कम है। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में 0.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जो वैश्विक बाजारों की चल रही गिरावट का परिणाम था। निवेशकों में भय का माहौल बनने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट आई। इजरायल द्वारा ईरान पर हमले की खबर से कच्चे तेल की कीमतों में 12 फीसदी की तेजी आई, लेकिन बाद में पता चला कि हमला परमाणु प्रतिष्ठानों पर हुआ था।

# भारत आईआरईएल के साथ 13 साल पुराना निर्यात समझौता रोकेगा

नई दिल्ली। भारत सरकार ने अपनी रेयर अर्थ मेटल्स को घरेलू जरूरतों के लिए बचाने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इसके तहत, सरकार ने स्टेट-रन कंपनी इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) से जापान के साथ 13 साल पुराने निर्यात समझौते को रोकने के लिए कहा है। जापान का यह इस्तेमाल होता है इलेक्ट्रिक वाहनों के मोटर में। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में आईआरईएल को रेयर अर्थ, खासकर नियोडिमियम, का निर्यात रोकने को कहा है। इससे भारत की रेयर अर्थ प्रोसेसिंग की क्षमता में वृद्धि होगी। यह भी उजागर करना जरूरी है कि भारत की जरूरतें हों तो उन्हें अपने अंदर ही पूरा किया जा सके। आईआरईएल की ओर से यह कदम भारत की स्वायत्तता और उसकी मजबूती का प्रतीक है। आने वाले समय में हमें देखने को मिलेगा कि कैसे यह फैसला भारतीय रेयर अर्थ उद्योग को एक नई दिशा देगा। बता दें कि भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा रेयर अर्थ मेटल्स रिजर्व है, जो 6.9 मिलियन मीट्रिक टन है, लेकिन अभी मैग्नेट प्रोडक्शन की कोई घरेलू व्यवस्था नहीं है। मार्च 2025 तक भारत ने 53,748 मीट्रिक टन रेयर अर्थ मैग्नेट आयात किए, जो ज्यादातर चीन से आए। आईआरईएल ओडिशा में एक एक्सट्रैक्शन प्लांट और केरल में एक रिफाइनिंग यूनिट चलाता है। कंपनी मार्च 2026 तक 450 मीट्रिक टन नियोडिमियम निकालने की योजना बना रही है और 2030 तक इसे दोगुना करने का लक्ष्य है। आईआरईएल ऑटो और फार्मा इंडस्ट्री के लिए मैग्नेट प्रोडक्शन के लिए पेरेंट पार्टनर भी ढूंढ रहा है। साथ ही सरकार रेयर अर्थ मेटल्स प्रोसेसिंग और मैग्नेट प्रोडक्शन के लिए कंपनियों को इंसेंटिव देने की योजना बना रही है, ताकि घरेलू डिमांड पूरी की जा सके।

# सिहारी के हिमांशु बने असिस्टेंट प्रोफेसर

लांजी( पद्मेश न्यूज )। लांजी क्षेत्र के ग्राम सिहारी निवासी हिमांशु गुरदे ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन से पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। हिमांशु का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर ( वाणिज्य ) परीक्षा 2022 में हो गया है। हिमांशु गुरदे, प्राचार्य बेनीराम गुरदे और माता मालती गुरदे के पुत्र हैं। वे वर्तमान में अशोकनगर ( मध्य प्रदेश ) में कराधान सहायक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने इससे पहले भी एक बार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की थी। इस प्रकार हिमांशु ने एक ही साल में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की दो परीक्षाएं पास कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। गांव सिहारी, उनके शिक्षक साथी, मित्रगण और पूरे क्षेत्र में गर्व और प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा है कि मेहनत और लगन से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है।




### स.शि.म. से शुरू हुआ हिमांशु का शैक्षणिक सफर

हिमांशु की शैक्षिक यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर लांजी से शुरू हुई, जहाँ उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी से कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई पूरी की। जिसने उन्हें उच्च शिक्षा के लिए एक मजबूत आधार दिया।

उनकी उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर से संपन्न हुई, जहाँ उन्होंने सफलतापूर्वक स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियाँ हासिल कीं। शिक्षा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता यहीं नहीं रुकी; उन्होंने वर्ष 2022 में नीट पात्रता परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की, जो असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए एक महत्वपूर्ण योग्यता है। परिवार और शुभचिंतकों ने दी बधाई हिमांशु गुरदे की यह उल्लेखनीय सफलता उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का सीधा परिणाम है। उनके चयन से यह एक बार फिर साबित होता है कि सही मार्गदर्शन और अनवरत प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### शिक्षा जगत से जुड़ा है पूरा परिवार

उनके पिता बेनीराम गुरदे जो स्वयं शिक्षा के क्षेत्र में एक प्राचार्य के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ये स्वयं भी छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं जो अपने विद्यार्थियों को एक निश्चित लक्ष्य बनाने के लिए प्रेरित करते हैं और उसे पूरा करने का साहस भी जगाते हैं और माता मालती गुरदे जो एक गृहिणी हैं उन्होंने बचपन से ही अपने बच्चों को वात्सल्य स्नेह के साथ संस्कार दिए हैं। इस उपलब्धि पर विशेष रूप से गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनके बड़े पापा झनकराम गुरदे और मनीराम गुरदे, भाई विकास गुरदे और विशाल गुरदे, जीजाजी उमेश घोरमारे और दीदी रुचि घोरमारे ने भी उन्हें हार्दिक बधाई दी है। इसके साथ ही सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगाँव, लांजी, बालाघाट के समस्त स्टाफ ने भी हिमांशु को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# तेज धूप के बाद मौसम ने ली करवट

## शाम को हुई हल्की बारिश से मिली राहत



लांजी(पद्मेश न्यूज)। लांजी तहसील में शुक्रवार को दिनभर गर्मी ने लोगों को परेशान किया। तापमान दोपहर के समय करीब 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे आम जनजीवन पर असर पड़ा। तेज धूप और उमस के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। हालांकि, शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद हल्की बारिश शुरू हुई, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट आई और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। हल्की बूंदाबांदी के साथ ठंडी हवाएं भी चलीं, जिससे वातावरण सुहावना हो गया। बारिश के कारण सड़कें हल्की गीली हो गईं, लेकिन किसी प्रकार की भारी असुविधा की खबर नहीं है। मौसम विभाग ने पहले से ही अगले कुछ दिनों में हल्की वर्षा और आंशिक बादल छाए रहने की संभावना जताई थी। लांजी के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश के कारण किसानों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली, क्योंकि आगामी खेती के मौसम की तैयारी में यह बारिश उपयोगी मानी जा रही है।

# लांजी-बालाघाट मार्ग पर कार हादसा, बाल-बाल बचे तीन लोग



लांजी(पद्मेश न्यूज)। लांजी-बालाघाट रोड पर शुक्रवार शाम लगभग 4:30 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, लेकिन गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। यह हादसा उस समय हुआ जब लांजी से बालाघाट की ओर जा रही एक स्विफ्ट डिजायर कार दुलापुर हनुमान मंदिर के समीप एक तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गई और पलटने के बाद फिर से सीधी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार ज्यादा नहीं थी, लेकिन सड़क पर बारिश के कारण फिसलन थी और मोड़ पर नियंत्रण खो जाने से यह हादसा हो गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक कार में तीन लोग दानिश बघेल, राहुल और फैजान खान सवार थे। सभी अशोक लीलैंड कंपनी से जुड़े हैं और काम के सिलसिले में लांजी आए थे एवं वापस बालाघाट जा रहे थे। कार चला रहे दानिश बघेल, जो कि सिवनी जिले के रहने वाले हैं, ने बताया कि घटना के समय हल्की बारिश हो रही थी और गाड़ी की स्पीड लगभग 50 किलोमीटर प्रति घंटा थी। उन्होंने कहा, मोड़ पर गाड़ी ठीक से मुड़ नहीं सकी और सीधे जाकर रेलिंग से टकरा गई। हादसा अचानक हुआ लेकिन गनीमत रही की तीनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। यह हादसा एक बार फिर यह दर्शाता है कि बारिश के मौसम में वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है, खासकर मोड़ों और ढलानों पर।

# मयूर वहाने संभालेंगे नगर परिषद लांजी सीएमओ का पदभार



लांजी(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन नगरीय निकाय एवं आवास विभाग मंत्रालय के द्वारा 13 जून को प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकाय, नगरपालिका, नगर निगम, नगर परिषद में पदस्थ प्रभारी सीएमओ के स्थानान्तरण किये गये है जिसके तहत प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मयूर वाहने को नगर परिषद लांजी का पदभार सौंपा गया है। बतादे कि वर्तमान में मयूर वाहने जिला शिवपुरी के रन्नौद नगर परिषद में बतौर प्रभारी सीएमओ कार्यरत थे जो कि अब प्रशासनिक कार्य व्यवस्था के तहत नगर परिषद लांजी का पदभार ग्रहण करेंगे।

# मानव चेतना महादेव ट्रस्ट द्वारा बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न






लांजी(पद्मेश न्यूज )। मानव चेतना महादेव ट्रस्ट, मोहझरी द्वारा बच्चों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भ्रमण में ग्राम के 47 छात्र-छात्राएं और 13 ट्रस्ट सदस्य शामिल हुए। यह भ्रमण दो मुख्य स्थलों पर कराया गया- पहला 208 कोबरा बटालियन, किरनापुर और दूसरा मां अन्नपूर्णा दरबार, कोठीधाम गडदा। सबसे पहले सभी बच्चे 208 कोबरा बटालियन पहुंचे, जहां अधिकारियों ने उन्हें बटालियन के इतिहास, हथियारों, आवास, कैंटीन और स्विमिंग पूल जैसी कई जानकारियां दीं। बच्चों ने यहां की गतिविधियों को नजदीक से देखा और सीखा।इसके बाद सभी बच्चे कोठीधाम गडदा पहुंचे। मंदिर तक पहुंचने के लिए बच्चों ने पहाड़ी रास्ते पर पैदल यात्रा की और रास्ते में सुंदर प्राकृतिक दृश्य का आनंद लिया। मंदिर पहुंचने पर वहां के प्रमुख श्यामराव आबाडारे ने मां अन्नपूर्णा दरबार के इतिहास और धार्मिक मान्यताओं की जानकारी दी। यह यात्रा बच्चों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक और रोमांचकारी रही।

ट्रस्ट गांव के विकास के लिए कई क्षेत्रों में काम कर रहा है, जैसे- बाल गोपाल मंडल, किसान मंडल, पर्यावरण मंडल और महादेव मंडल। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार अवसरे का विशेष योगदान रहा। भ्रमण में बच्चों के साथ ग्राम की कई महिलाएं और अन्य लोग भी शामिल रहे ङ्क श्रीमती चंद्रप्रभा अवसरे, श्रीमती शांता जगने, श्रीमती कविता पांडे, श्रीमती माया ठाकरे, श्रीमती पार्वती भागड़कर, श्रीमती प्रीति ढोरे, श्रीमती सुनीता ठाकरे, श्रीमती कौशल्या मेश्राम, सुरेश भगत, दादू नाकतोड़े और छात्र पदाधिकारीगण मौजूद रहे। यह यात्रा सभी के लिए यादगार रही।

# मप्र में ग्रीन कवर बढ़ाने का प्लान

## - नगरीय निकायों में लगाए जाएंगे एक करोड़ पौधे

भोपाल । मप्र में सरकार का फोकस हरियाली बढ़ाने पर है। इसके लिए सरकार विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। इसी कड़ी में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश में ग्रीन कवर बढ़ाने का प्लान बनाया है। इसके तहत प्रदेश के नगरीय निकायों में तीन साल में एक करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ल का कहना है कि बढ़ती आबादी के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए हरियाली बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि नगरों के कुल क्षेत्रफल का लगभग 20 से 25 प्रतिशत हिस्सा हरित क्षेत्र होना चाहिए।

जानकारी के अनुसार दुनिया भर में क्लाइमेट चेंज के बढ़ते दुष्प्रभाव के बीच नगरीय विकास एवं आवास विभाग मप्र में ग्रीन कवर बढ़ाने का प्लान बना चुका है। इसके तहत भोपाल-इंदौर सहित हर नगर निगम क्षेत्र में 12 से 15 लाख पौधे लगाए जहां सो औद्योगिक क्षेत्रों में भी हरियाली सुनिश्चित की जाएगी, सबसे पहले पीथमपुर में 11 लाख पौधे रोपने के लिए पीथमपुर नगरपालिका ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इस संदर्भ में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अमृत हरित महाभियान पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित की गई। जहां विभाग ने अपने प्लान के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी। शुक्ला ने कहा है कि बढ़ती आबादी के दबाव के कारण शहरों का पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि जन भागीदारी से हम शहरों में हरित क्षेत्र को बढ़ाएं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पौधरोपण के साथ-साथ हम पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी बारिश के मौसम के दौरान जिन चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण होना है, वहां व्यापक स्तर पर तैयारी की जाए।

### शहरों में 20 से 25 प्रतिशत क्षेत्र में होगा ग्रीन कवर

शुक्ला ने कहा कि शासकीय भवन परिसर, कॉलेज एवं स्कूल परिसर के आस-पास पौधरोपण किया जाए। नगरों के कुल क्षेत्रफल का लगभग 20 से 25 प्रतिशत भाग समृद्ध हरित क्षेत्र होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से जिन पेड़ों को आस्था के साथ लगाया जाता रहा है, हम उनको स्थानीय परिस्थिति के अनुसार ज्यादा संख्या में लगा सकते हैं। इनमें आम, जामुन, पीपल, नीम इत्यादि हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने वाले नगरीय निकायों को पुरस्कृत किये जाने की भी पहल की जाना चाहिए। कार्यक्रम में आईआईएफएम द्वारा शहरी अधोसंरचना में नीली-हरी अवसंरचना का प्रबंधन, एप्को ने क्लाइमेट चेंज और एसपीए की तरफ से शहरी स्थल पर हरित प्रणाली परं प्रेजेंटेशन हुए। एप्को के प्रेजेंटेशन में बताया गया कि क्लाइमेट चेंज से साल 2050 तक तापमान मप्र में 2.6 डिग्री तक बढ़ जाएगा। वहीं साल 2080 तक 5 डिग्री बढ़ सकता है। काम दिनों तक बारिश हो रही है। शहरों में नवकरणीय ऊर्जा के अधिक उपयोग, रिसाइक्लिंग को बढ़ाने, एनर्जी एफिशिएंट बिल्डिंग के निर्माण, बारिश के जल को सहेजने जैसे सुझाव दिए। पब्लिक ट्रांसपोर्ट और काम प्रदुषण वाले ईवी जैसे वाहनों के प्रयोग की वकालत भी हुई।

### हर नगर निगम में लगेंगे 12 से 15 लाख पौधे

आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में तीन साल में एक करोड़ पौधे लगाने की योजना है। हर नगर निगम में 12 से 15 लाख, नगरपालिका में 5 लाख तो नगरपरिषद में 1 लाख पौधे लगाने की योजना बनेगी। इस मानसून में पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में 11 लाख पौधे लगाने का प्लान बन चुका है। मंडीदीप सहित बाकी औद्योगिक क्षेत्रों में भी हरियाली बढ़ाने पर काम होगा। अमृत मित्र बनाकर सहयोग लिया जाएगा।

# सीहोर की बेटी ने बढ़ाया देश और प्रदेश का मान, एशियाई चैंपियनशिप में दीपिका ने जीता ब्रांज मेडल

सीहोर । मंजिल तक पहुंचाने का रास्ता कभी भी आसान नहीं होता। सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए व्यक्ति को कई कठिन पड़ावों से गुजरना पड़ता है और हर मोड़ पर नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यही वह संघर्ष है, जो एक सामान्य व्यक्ति को असाधारण बना देता है। ऐसी ही प्रेरणादायक उपलब्धियों से हमारे जिले की बेटियां अपने आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और अपने जिले और प्रदेश को गौरवान्वित कर रही है।

### सीहोर की बेटी ने बढ़ाया प्रदेश का मान

सीहोर जिले की भैरुंदा तहसील के मंडी गांव की 15 साल की दीपिका ऐसी ही एक बेटी है, जिसने अपने जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। दीपिका डीमर ने थाईलैंड में चल रही एशियाई वाटर स्पोर्ट चैंपियनशिप में 13 जून को आयोजित केनोइंग सी-2 महिला 200 मीटर में ब्रांज मेडल प्राप्त किया है। इसमें सबसे खास बात यह है कि दीपिका वाटर स्पोर्ट में प्रवेश करने के एक साल के भीतर ही 4 नेशनल मेडल प्राप्त कर चुकी है। जबकि कयाकिंग, केनोइंग में नए खिलाड़ी को एक साल सीखने और बैलेंस बनाने में ही लग जाता है। यह दीपिका की खास उपलब्धि है।

### बचपन से ही कुछ अलग करना चाहती थी दीपिका

दीपिका ने गत वर्ष शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी, तहसील भैरुंदा से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है और वर्तमान में 11वीं की पढ़ाई भोपाल में कर रही है। दीपिका कयाकिंग, कैनोइंग की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कावेरी की छोटी बहन है। कावेरी ने बताया कि बचपन से ही दीपिका में कुछ करने और आगे बढ़ने का जज्बा दिख रहा था, उसकी प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए मैंने उसे वाटर स्पोर्ट्स ज्वाइन करने के लिए कहा और अब वह सफलता की सीढ़ियों पर कदम दर कदम आगे बढ़ रही है। इसके लिए भोपाल भेजकर 11वीं में दाखिला करवाया ताकि पढ़ाई के साथ खेल जारी रह सके। उल्लेखनीय है कि दीपिका की बड़ी बहन कावेरी ने कठिन परिस्थितियों और संसाधनों की कमी के बावजूद 50 से अधिक राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है और वर्तमान में कावेरी नेवी में ऑफिसर है।

# पुलिस मेरे मोबाइल की रिकॉर्डिंग कर रही

## भाजपा विधायक ने फिर एसपी पर लगाए आरोप



भोपाल। पिछोर से बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। एक बार फिर नेताजी सुर्खियां बटोर रहे हैं। विधायक का कहना है कि पुलिस उनके मोबाइल की रिकॉर्डिंग कर रही है। उनका यह भी आरोप है कि कुछ पुलिस कांग्रेस के कार्यकर्ता बनकर काम कर रहे हैं।

बता दें कि बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी ने शिवपुरी पुलिस अधीक्षक पर यह आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि शिवपुरी एसपी के कहने पर ग्वालियर पुलिस मेरे मोबाइल की रिकॉर्डिंग कर रही है। हमारा एसपी कांग्रेस मानसिकता का है। कांग्रेस मानसिकता के अधिकारियों को लेकर मैं सरकार और संगठन में शिकायत किया हूं। विधायक ने यह भी कहा कि प्रदेश में सरकार हमारी है पर अधिकारी हमारे नहीं हैं। हालांकि, इस पूरे मामले में कार्रवाई को लेकर उन्होंने संगठन और सरकार से बात की है। गौरतलब है कि इससे पहले भी प्रीतम लोधी ने शिवपुरी एसपी पर पहले भी जासूसी के आरोप लगाए थे। अप्रैल में एक सभा के मंच से उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उनका मोबाइल टेप किया जा रहा है।

# आतंकी साजिश को लेकर एनआईए ने भोपाल में तीन जगह मारी रेड

भोपाल। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी साजिश को लेकर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में तीन स्थानों पर और राजस्थान के झालवाड़ में दो स्थानों पर छापे मारे हैं। हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) संगठन से जुड़े लोगों पर यह एक्शन लिया गया है। इस दौरान एनआईए द्वारा कुछ डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए जाने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक हिज्ब-उत-तहरीर संगठन देश में सरकार को हटाकर इस्लामिक स्टेट स्थापना की साजिश रच रहा था। ये कमजोर वर्ग के मुस्लिम युवाओं का ब्रैनवॉश का काम कर रहे थे। युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश रची जा रही थी।

### एटीएस की मदद से की कार्रवाई

सूत्रों की माने तो भोपाल के अशोका गार्डन इलाके से मोहसिन नाम के युवक को हिरासत में लिया गया था। मोहसिन पर कार्रवाई 6 दिन पहले की गई थी। उसे कोई में पेश कर 16 जून तक रिमांड पर लिया गया है। उसी से मिले इनपुट के आधार पर राजस्थान के झालावाड़ में कार्रवाई की गई है। केंद्र सरकार ने हिज्ब-उत-तहरीर संगठन पर प्रतिबंध लगाया है। यह संगठन देश में शरिया कानून लागू करने की साजिश रच रहा था। भोपाल में इसके सदस्यों के होने की सूचना पर पहले भी जांच एजेंसियां इन पर कार्रवाई कर चुकी हैं।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# सौरभ शर्मा की अनुकंपा नियुक्ति घोटाले की शुरू हुई जांच

## -लोकायुक्त ने पुलिस को सौंपा पूर्व परिवहन आरक्षक सर्विस रिकार्ड

भोपाल। ग्वालियर। करोड़ों की अवैध कमाई और फर्जी अनुकंपा नियुक्ति मामले में फंसे परिवहन विभाग के बर्खास्त आरक्षक सौरभ शर्मा की मुश्किलें अब और बढ़ती दिख रही हैं। भोपाल लोकायुक्त द्वारा सौरभ शर्मा का पूरा सर्विस रिकॉर्ड ग्वालियर के सिरोल थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। इस रिकॉर्ड की जांच के साथ अब सौरभ और उनकी मां उमा शर्मा से पूछताछ की तैयारी भी शुरू हो गई है।

गौरतलब है कि सौरभ शर्मा और उनकी मां पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए फर्जी शपथ पत्र देने और बड़े भाई की नौकरी को छिपाने के आरोप हैं। यह एफआईआर ग्वालियर परिवहन विभाग की शिकायत पर दर्ज की गई थी। पुलिस अब यह पड़ताल कर रही है कि नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान लगाए गए दस्तावेज कितने सही थे और झूठी जानकारी वाले शपथ पत्रों पर किसके हस्ताक्षर हैं।

### साथियों के भी दर्ज हुए बयान

सौरभ शर्मा के मामले में केवल वही नहीं, बल्कि उनके कई साथी आरक्षक भी जांच के घेरे में आ गए हैं। हाल ही में परिवहन मुख्यालय में सौरभ के साथ काम कर चुके कुछ आरक्षकों के बयान दर्ज किए गए हैं। इन पर सौरभ के साथ मिलीभगत का आरोप है। अब सभी बिंदुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

### छापे में मिली थी अकूत संपत्ति

यह मामला 19 दिसंबर 2024 को सुर्खियों में आया जब भोपाल स्थित सौरभ के घर पर लोकायुक्त की छापेमारी में भारी मात्रा में कैश, सोना और चांदी बरामद की गई। उसी रात, मेंडोरी के जंगल में आयकर विभाग ने 11 करोड़ नकद और 52 किलो सोना जब्त किया। इसके बाद ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) भी मामले में कूद पड़ा और कई शहरों में कार्रवाई की गई।



### विभागीय लापरवाही भी आई सामने

सौरभ शर्मा की अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। उनकी नियुक्ति के दौरान तत्कालीन परिवहन आयुक्त शैलेंद्र श्रीवास्तव के कार्यकाल में जानबूझकर अनदेखी की गई। दस्तावेजों में भाई की नौकरी छिपाई गई और संबंधित विभागों ने भी इस पर चुप्पी साधी रही।

### अब होगा दस्तावेजों का क्रॉस वेरिफिकेशन

सिरोल थाना प्रभारी गोविंद बगौली के अनुसार, लोकायुक्त से प्राप्त रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की जा रही है। सौरभ और उमा शर्मा के हस्ताक्षरों का मिलान, शपथ पत्रों की वैधता और उस वक्त मौजूद अधिकारियों की भूमिका भी अब जांच के घेरे में है।

# भाजपा सरकार का पेट बिना घोटाले नहीं भरता

भोपाल। मप्र में सरकारी भर्ती परीक्षाओं में लगातार घोटालों के आरोपों के बीच अब फॉरेस्ट गार्ड भर्ती भी विवादों में आ गई है। पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में गड़बड़ी उजागर होने के बाद अब फॉरेस्ट गार्ड भर्ती में भी फर्जीवाड़े की आशंका जताई जा रही है। इसी कारण 113 अभ्यर्थियों का रिजल्ट फिलहाल होल्ड कर दिया गया है। इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। कमलनाथ ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जब तक रोज नया घोटाला न कर लें, बीजेपी सरकार के पेट का पानी हज़म नहीं होता। एक घोटाला ज़ोर का, काम इनका रोज़ का... अब फॉरेस्ट गार्ड भर्ती के 113 पद होल्ड किए गए हैं। यहां भी फर्जीवाड़े का डर है। कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया अब भरोसे के लायक नहीं रही। हर भर्ती में धांधली की आशंका रहती है। यह व्यवस्था अब पूरी तरह बदलने की जरूरत है और ऐसा तभी संभव है जब भ्रष्टाचार में डूबी इस सरकार को हटाया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने इससे पहले भी 12 जून को आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में सामने आई गड़बड़ी को लेकर ट्वीट किया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा ने मध्यप्रदेश की पहचान घोटालों से जोड़ दी है। अब आरक्षक भर्ती घोटाले की नई परतें खुल रही हैं। 2023 में हुए चयन के बाद 561 अभ्यर्थी नौकरी जॉइन करने ही नहीं पहुंचे।



# अपर मुख्य सचिव जाचेंगे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता

भोपाल। लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव अब प्रदेश में ताल, तलैया, पुल, पुलिस समेत भवन निर्माण की गुणवत्ता को जाचेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव को मप्र कार्य गुणवत्ता परिषद के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव अजय कटेसरिया द्वारा जारी आदेश में किसी अधिकारी का नाम नहीं है। हालांकि लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई के पास है। प्रदेश में सभी तरह के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को जांचने के लिए एक एजेंसी मप्र कार्य गुणवत्ता परिषद है। पूर्व में इस एजेंसी का नाम मुख्य तकनीकी परीक्षक होता था।

# कल लाड़ली बहनों के खाते में आएंगे पैसे

भोपाल। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त सोमवार को लाड़ली बहनों के खाते में डाली जाएगी। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के चलते 13 जून को जबलपुर में होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था और इसी दिन राशि ट्रांसफर की जानी थी। अब सोमवार को यह राशि भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 जून को जबलपुर जिले के बरगी में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां पर सीएम यादव मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि ट्रांसफर करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रुपए ट्रांसफर करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किस्त है। योजना में हर लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रुपए की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है।

### सिलेंडर और संबल के भी पैसे जारी करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रुपए की राशि भेजेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपए भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से भेजेंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव संबल योजना में 6821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे।

# आरक्षक से लेकर एसपी स्तर के अधिकारी बदलेंगे

## - मप्र पुलिस में बड़े तबादले की तैयारी

भोपाल । मप्र में इस समय तबादलों का दौर चल रहा है। 17 जून तक तबादले करने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। सभी विभाग तबादले करने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में पुलिस विभाग में बड़े फेरबदल की तैयारी चल रही है। जानकारों का कहना है कि आरक्षक से लेकर एसपी स्तर तक के अधिकारियों को इधर-उधर किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक पीएचक्यू के उच्च अधिकारियों के बीच इस मामले को लेकर काम जारी है। इसके लिए, अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की जा रही है।

गौरतलब है कि सरकार ने अभी हाल ही में पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। उसके बाद भी कई जिलों में एसपी सहित अन्य अधिकारियों के तबादले होने हैं। सूत्रों का कहना है कि 115 एएसपी और डीएसपी रैंक के अधिकारियों की सूची तैयार हो चुकी है, जिसे अंतिम सहमति बनाने के बाद जारी कर दिया जाएगा। इस सूची में करीब 100 से अधिक डिप्टी एसपी शामिल बताए जा रहे हैं। तीन साल से ज्यादा समय से जिलों में पदस्थ एसपी बदले जाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से सतना एसपी आशुतोष गुप्ता और नर्मदापुरम एसपी गुरकरण सिंह का नाम शामिल बताया जा रहा है। दोनों तीन साल से एक ही जिले में हैं। दो साल से ज्यादा से जमे एसपी के कार्यकाल का आंकलन किया जाएगा।

### एसपी को बदलने का क्राइटेरिया

जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा एसपी को बदलने प्रमुख रूप से दो क्राइटेरिया बनाए गए हैं। पहला है ढाई या इससे ज्यादा अवधि से जमे एसपी के काम का रिव्यू। दूसरा है सरकार की ओर से करवाया जा रहा फीडबैक सर्वे। इसी के आधार पर सर्जरी की जाएगी। बीती 31 मई को प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पहले भी बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई थी। गृह विभाग ने डीएसपी रैंक के 53 पुलिस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की थी। इसमें भोपाल और इंदौर कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। पीएचक्यू में पदस्थ डीएसपी सतीश कुमार को मंडला और मैहर में पदस्थ एसडीओपी राजीव कुमार पाठक को पीएचक्यू में नई पदस्थापना दी गई थी। एसडीओपी अभिनव मिश्रा को शहडोल से भोपाल सहित अन्य के तबादले किए गए थे।

### रीडर स्टेनो और सहायक कर्मचारी हटेंगे

लंबे समय से एक ही कार्यालय में जमे रीडर-स्टेनो और उनके सहायक कर्मचारियों के संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से जोन के आईजी समेत अन्य आला अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। पत्र में ऐसे कर्मचारियों को हटाकर अन्यत्र पदस्थ कर इस कार्यवाही से अवगत कराने के लिए कहा गया है। विशेष महानिदेशक (प्रशासन) पुलिस मुख्यालय, भोपाल आदर्श कटियार के द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि मध्य प्रदेश पुलिस की इकाई कार्यालय जिनमें पुलिस महानिरीक्षक जोन कार्यालय/उपपुलिस महानिरीक्षक रेंज कार्यालय/पुलिस अधीक्षक कार्यालय/अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय / एसडीओपी कार्यालय में कुछ कर्मचारी जैसे रीडर/स्टेनो एवं उनके सहायक कर्मचारी लंबे समय से एक ही कार्यालय में पदस्थ होकर कार्य कर रहे है। लंबी समयावधि से एक ही स्थान पर कार्य करने से निहित स्वार्थ की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता जिससे न सिर्फ पुलिस कार्यप्रणाली की पारदर्शिता प्रभावित होती है, वरन आमजन को शिकायत के अवसर भी प्राप्त होते हैं। पत्र में कहा गया है कि आवश्यक है कि लंबी अवधि से एक ही कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों की पदस्थापना में समय-समय पर परिवर्तन किया जाए जिससे न केवल अधिकारी/कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि शिकायत की संभावना भी कम होकर पुलिस की निष्पक्ष छवि प्रदर्शित होगी। पत्र में यह निर्देशित किया गया है कि लंबे समय से पदस्थ कर्मचारीगण जैसे रीडर/स्टेनो एवं उनके सहायक कर्मचारियों के सेवाकाल का परीक्षण कर यथासंभव अन्यत्र पदस्थ कर कार्यवाही से पीएचक्यू को अवगत कराएं।

# मप्र में ग्रीन कवर बढ़ाने का प्लान

## - नगरीय निकायों में लगाए जाएंगे एक करोड़ पौधे

भोपाल। मप्र में सरकार का फोकस हरियाली बढ़ाने पर है। इसके लिए सरकार विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। इसी कड़ी में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश में ग्रीन कवर बढ़ाने का प्लान बनाया है। इसके तहत प्रदेश के नगरीय निकायों में तीन साल में एक करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला का कहना है कि बढ़ती आबादी के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए हरियाली बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि नगरों के कुल क्षेत्रफल का लगभग 20 से 25 प्रतिशत हिस्सा हरित क्षेत्र होना चाहिए।

जानकारी के अनुसार दुनिया भर में क्लाइमेट चेंज के बढ़ते दुष्प्रभाव के बीच नगरीय विकास एवं आवास विभाग मप्र में ग्रीन कवर बढ़ाने का प्लान बना चुका है। इसके तहत भोपाल-इंदौर सहित हर नगर निगम क्षेत्र में 12 से 15 लाख पौधे लगाए जाएंगे। वहीं सो औद्योगिक क्षेत्रों में भी हरियाली सुनिश्चित की जाएगी, सबसे पहले पीथमपुर में 11 लाख पौधे रोपने के लिए पीथमपुर नगरपालिका ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इस संदर्भ में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अमृत हरित महाभियान पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित की गई। जहां विभाग ने अपने प्लान के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी। शुक्ला ने कहा है कि बढ़ती आबादी के दबाव के कारण शहरों का पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि जन भागीदारी से हम शहरों में हरित क्षेत्र को बढ़ाएं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पौधरोपण के साथ-साथ हम पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी बारिश के मौसम के दौरान जिन चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण होना है, वहां व्यापक स्तर पर तैयारी की जाए।

### शहरों में 20 से 25 प्रतिशत क्षेत्र में होगा ग्रीन कवर

शुक्ला ने कहा कि शासकीय भवन परिसर, कॉलेज एवं स्कूल परिसर के आस-पास पौधरोपण किया जाए। नगरों के कुल क्षेत्रफल का लगभग 20 से 25 प्रतिशत भाग समृद्ध हरित क्षेत्र होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से जिन पेड़ों को आस्था के साथ लगाया जाता रहा है, हम उनको स्थानीय परिस्थिति के अनुसार ज्यादा संख्या में लगा सकते हैं। इनमें आम, जामुन, पीपल, नीम इत्यादि हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने वाले नगरीय निकायों को पुरस्कृत किये जाने की भी पहल की जाना चाहिए। कार्यक्रम में आईआईएफएम द्वारा शहरी अधोसंरचना में नीली-हरी अवसंरचना का प्रबंधन, एप्को ने क्लाइमेट चेंज और एसपीए की तरफ से शहरी स्थल पर हरित प्रणाली पर प्रेजेंटेशन हुए। एप्को के प्रेजेंटेशन में बताया गया कि क्लाइमेट चेंज से साल 2050 तक तापमान मप्र में 2.6 डिग्री तक बढ़ जाएगा। वहीं साल 2080 तक 5 डिग्री बढ़ सकता है। काम दिनों तक बारिश हो रही है। शहरों में नवकरणीय ऊर्जा के अधिक उपयोग, रिसाइक्लिंग को बढ़ाने, एनर्जी एफिशिएंट बिल्डिंग के निर्माण, बारिश के जल को सहेजने जैसे सुझाव दिए। पब्लिक ट्रांसपोर्ट और काम प्रदूषण वाले ईवी जैसे वाहनों के प्रयोग की वकालत भी हुई।

### हर नगर निगम में लगेंगे 12 से 15 लाख पौधे

आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में तीन साल में एक करोड़ पौधे लगाने की योजना है। हर नगर निगम में 12 से 15 लाख, नगरपालिका में 5 लाख तो नगरपरिषद में 1 लाख पौधे लगाने की योजना बनेगी। इस मानसून में पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में 11 लाख पौधे लगाने का प्लान बन चुका है। मंडीदीप सहित बाकी औद्योगिक क्षेत्रों में भी हरियाली बढ़ाने पर काम होगा। अमृत मित्र बनाकर सहयोग लिया जाएगा।

# ग्रामीण आदिवासियों के लिए सुनहरा मौका : घर बैठे मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

भोपाल। एक बार फिर मध्यप्रदेश के सभी जिलों में 15 जून से 30 जून तक धरती आबा जन भागीदारी अभियान और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को उनकी पात्रता के हिसाब से सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है।

धरती आबा का मतलब होता है धरती का भगवान। बिरसा मुंडा जयंती पर झारखंड राज्य का गठन हुआ था और उन्होंने आदिवासियों के उत्थान के लिए कई आंदोलन किए। इसलिए उन्हें धरती का भगवान आदिवासी समुदाय में कहा जाता है। भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार अभियान के अंतर्गत आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, छात्रवृत्ति आदि योजनाओं के लाभार्थियों को चिह्नित कर सेवाएं दी जाएंगी। इसी अभियान के तहत शिविर ग्राम, बस्ती, स्कूल, पंचायत भवनों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होंगे। इसके लिए धरती आबा सखा एवं सखी की भूमिका तय की गई है।

### आदिवासी बस्तियों में चलेगा जागरूकता अभियान

अभियान के तहत सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि शिविरों की जानकारी और तिथियों को दिखाने के लिए सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, ड्रोन से आईईसी गतिविधि, दीवार लेखन, आदिवासी बोलियों में जिंगल्स और नुक्कड़ नाटक जैसी पारंपरिक संचार विधियों से जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। मंत्रालय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि इन शिविरों से संबंधित प्रेस क्लिपिंग, वीडियो लिंक, सोशल मीडिया पोस्ट, लाभार्थियों की सफलता कहानियां और फोटो वीडियो क्लिपिंग आदि को राष्ट्रीय पर पहुंचाई जाएंगी।

### जनजातीय समाज के विकास के लिए बनी योजना

केंद्र सरकार ने जनजातीय समुदायों के विकास और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए 2 अक्टूबर 2024 से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे के सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा व आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति करना है।

# वन सुरक्षा श्रमिक के लंबित वेतन भुगतान को लेकर सौंपा ज्ञापन

भोपाल। मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने वन विभाग वन्य प्राणी शाखा के प्रधान मुख्य वन संरक्षक शुभ रंजन सेन को वन सुरक्षा श्रमिक के लंबित वेतन भुगतान करने की मांग को लेकर वन भवन में ज्ञापन सोपा। मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि बाघ सुरक्षा में लगे सुरक्षा श्रमिकों को पिछले 4 माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस कारण सुरक्षा श्रमिकों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। बाघ सुरक्षा जैसी संवेदनशील ड्यूटी में लगे होने के बावजूद भी विभाग द्वारा समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जाता है और ना ही किसी प्रकार के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाते है। इस कारण सुरक्षा श्रमिकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वेतन समय पर भुगतान नहीं किया जाता है, इस कारण बच्चों को पढ़ाने में एवं प्रतिदिन की जरूरत को पूरा करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मप्र कर्मचारी मंच ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक को समस्याओं से अवगत कराया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

# मूंग खरीदी के निर्णय का श्रेय लेने की होड़

## किसान संघ ने रात में सीएम का आभार माना, पटवारी-सिंघार ने किसान-कांग्रेस की जीत बताया

भोपाल। प्रदेश में मूंग और उड़द की खरीदी के लिए 19 जून से किसानों का पंजीयन कराने के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के फैसले के बाद इसका श्रेय लेने की होड़ शुरू हो गई है। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने जहां रात में ही सीएम निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया, वहीं कांग्रेस ने इसे किसानों और कांग्रेस की संयुक्त लड़ाई की जीत बताया है। कांग्रेस ने कहा है कि जो अफसर मूंग को जहर बता रहे थे वे ही किसानों और कांग्रेस की एकजुटता के बाद मूंग खरीदी के आदेश जारी करने को मजबूर हुए हैं। इसके लिए कांग्रेस ने भी डॉ. मोहन यादव का आभार भी माना है।



मुख्यमंत्री को संबोधित ट्वीट में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि गेहूं, धान और सोयाबीन के पूरे समर्थन मूल्य का वादा अधूरा है। किसान के इस हक के लिए भी कांग्रेस निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। मूंग खरीदी के लिए आपको धन्यवाद। एक्स पर ट्वीट कर पटवारी ने कहा कि यह किसानों की जीत है। जिन अफसरों ने मूंग को जहर बताया था, उनको अब किसान की ताकत पता लगी है। किसान संघ किसानों के साथ नहीं खड़ा था। सीएम मोहन पहली बार एक संवेदनशील व्यक्ति के रूप में सामने आए हैं।

### सिंघार ने मूंग खरीदी के लिए लिखा था पत्र

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने लिखा कि आखिरकार किसानों की एकजुटता और हमारे लगातार संघर्ष के आगे सरकार को झुकना पड़ा। जो अधिकारी मूंग की फसल को 'जहर' बता रहे थे वे आज उसी की खरीदी के आदेश देने को मजबूर हुए। सरकार शुरू से ही मूंग नहीं खरीदना चाहती थी लेकिन किसानों की एकजुटता और हमारे प्रयासों ने अंततः भाजपा सरकार की नींद तोड़ी। मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार, जिन्होंने अंततः किसानों की पीड़ा को समझा और सरकार पहली बार पीड़ितों के साथ खड़ी होती दिखी। यह जीत प्रदेश के हर किसान की है।

# सालभर में हो पाई सिर्फ 1 भर्ती परीक्षा

भोपाल। करीब एक साल पहले 11 जून 2024 को कैबिनेट ने स्वास्थ्य विभाग में 46 हजार 491 पदों पर भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसे 1 साल पूरा हो गया लेकिन अभी तक केवल एक भर्ती की परीक्षा हो पाई है। जबकि 3 साल के भीतर भर्ती पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग में नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं में निराशा है। उनका कहना है कि एक साल में औसतन 15 हजार पदों पर भर्ती होनी चाहिए थी।

गौरतलब है कि कर्मचारी चयन मंडल, एसईबी ने फरवरी में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के 2267 पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की थी। इसके बाद अभी तक कोई परीक्षा आयोजित नहीं की गई है। वहीं विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया तय समय में पूरी कर ली जाएगी। इस पर जोरों से काम चल रहा है। अस्पतालों में कर्मचारियों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी पूरी करने के लिए स्वास्थ्य विभाग में 46 हजार 491 नए पदों का सृजन कर उन पर भर्ती के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। प्रस्ताव के अनुसार अस्पतालों में पैरामेडिकल स्टाफ, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी की भर्ती की जानी है। कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया था कि इनमें से 18,653 पदों की पूर्ति 3 वर्ष में की जाएगी। शेष 27,828 पदों की पूर्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से होगी।

# टेस्ट चैंपियन बनते ही साउथ अफ्रीका पर हुई पैसों की बरसात

## ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर रचा इतिहास

लंदन। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। इंग्लैंड के प्रतिष्ठित लॉर्ड्स मैदान में खेले गए इस मुकाबले में अफ्रीकी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण का खिताब अपने नाम किया। यह जीत साउथ अफ्रीका के लिए बेहद खास रही क्योंकि उन्होंने 1998 के बाद पहली बार किसी आईसीसी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। इससे पहले 2021 में न्यूजीलैंड और 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर खिताब जीता था, लेकिन इस बार भारत फाइनल में भी नहीं पहुंच पाया।

इस खिताबी जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका को न केवल सम्मान मिला, बल्कि एक बड़ी इनामी राशि भी हासिल हुई। आईसीसी द्वारा 2023-25 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के लिए कुल 5.76 मिलियन डॉलर (लगभग 49.24 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि घोषित की गई थी। इसमें से विजेता साउथ अफ्रीका को 3.6 मिलियन डॉलर (लगभग 30.78 करोड़ रुपये) मिले, जबकि उपविजेता ऑस्ट्रेलिया को 2.16 मिलियन डॉलर (करीब 18.56 करोड़ रुपये) से संतोष करना पड़ा। भारत को इस चक्र में तीसरे स्थान पर रहने के कारण 1.44 मिलियन डॉलर (लगभग 12.13 करोड़ रुपये) की राशि मिली।

गौरतलब है कि इस बार की प्राइज मनी में भी आईसीसी ने पिछली बार की तुलना में बड़ा इजाफा किया है। 2021 और 2023 के संस्करणों में कुल इनामी राशि 3.8 मिलियन डॉलर (करीब 32.49 करोड़ रुपये) थी, जिसमें विजेता को 1.6 मिलियन और उपविजेता को 0.8 मिलियन डॉलर मिलते थे। इस बार आईसीसी ने ना सिर्फ पुरस्कार राशि को बढ़ाया, बल्कि फाइनल मुकाबले के रोमांच को भी नए स्तर पर पहुंचाया।

अब क्रिकेट फैंस की नजरें अगले टेस्ट चैंपियनशिप चक्र पर हैं, जिसकी शुरुआत 20 जून से भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज के साथ होगी। फाइनल के खत्म होने के महज पांच दिन बाद ही अगला चक्र शुरू हो जाएगा, जिसमें टीमें एक बार फिर खिताब की दौड़ में उतरेंगी।




## हार से गुस्साएं ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्नस लाबुशेन ने फैंस से तू-तड़ाक शुरु की

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में हार की कगार पर है। इंग्लैंड के लॉर्ड्स में एडन मारक्रम की यादगार सेंचुरी और कप्तान तेंबा बवूमा की शानदार पारी ने कंगारू गेंदबाजों की दम निकल दी है। लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतने की उम्मीदों पर पानी फिरता देखकर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बुरी तरह से बौखला हुए हैं। 3 दिन का खेल खत्म होने के बाद जब फैंस ने कंगारू टीम के खिलाड़ियों की हूटिंग करनी शुरु की हैं, तब मार्नस लाबुशेन फैंस से उलझ गए और बुरा बर्ताव किया।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में साउथ अफ्रीका की टीम इतिहास रचने के कगार पर है। टॉस जीतकर कप्तान बवूमा ने पहले गेंदबाज चुनी और पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर ढ़ेर कर दिया। हालांकि साउथ अफ्रीका को 138 रन पर ऑल आउट कर कंगारू टीम ने जोरदार वापसी लेकिन दूसरी पारी में भी बल्लेबाजी खस्ता हाल दिखी। महज 207 रन पर पूरी कंगारु टीम निपट गई और साउथ अफ्रीका को 282 रन का लक्ष्य दिया।

सभी को यह टारगेट बड़ा लग रहा था लेकिन एडन मारक्रम ने सेंचुरी ठोक ऑस्ट्रेलिया के अरमानों पर पानी फेर दिया। दूसरी छोर पर उन्हें साउथ अफ्रीका के कप्तान का साथ मिला और दोनों ने मिलकर तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक स्कोर 2 विकेट पर 213 रन तक पहुंचा दिया। चौथे दिन साउथ अफ्रीका को आईसीसी टेस्ट चैंपियन बनने के लिए 69 रन की जरूरत है।

मारक्रम और तेंबा बवूमा ने मिलकर ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों की हवा निकाल दी। फाइनल में ऐसी दुर्दशा के बाद फैंस ने तीसरे दिन मैदान से वापस लौट गए खिलाड़ियों को हूटिंग शुरू कर दी। एक दर्शक ने बोरिंगज्बोरिंग कहकर मजाक उड़ाया, तब लाबुशेन बुरी तरह से भड़क गए। आगे बढ़ने के बाद वापस लौटकर दर्शक के पास पहुंचे और उनके साथ तू तड़ाक की। ओए ज्क्या है बोला तुमने ज्.शांत हो जाओ। मामला बिगड़ता देख बुजुर्ग दर्शक ने माफी मांगी और इसके बाद भी लाबुशेन अपनी भड़ास निकालते रहे।

## 1986 में छोटे कद के क्रिकेटर ने किया था बड़ा कमाल, बना दिया ना टूटने वाला रिकॉर्ड

नई दिल्ली। साल 1986 भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे यादगार सालों में से एक है। जहां अर्जेंटीना के डिएगो माराडोना ने फुटबॉल की दुनिया में धूम मचाई थी, वहीं क्रिकेट के मैदान पर भारत के एक छोटे कद के तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड में इतिहास रच दिया था। यह खिलाड़ी था चेतन शर्मा जिसकी लंबाई 5 फीट 8 इंच थी। यह गेंदबाज अपनी खतरनाक स्विंग गेंदों से इंग्लैंड की दिग्गज बल्लेबाजी को खूब परेशान किया।

1971 के बाद भारत को इंग्लैंड में सीरीज जीत के लिए 15 साल लंबा इंतजार करना पड़ा था। 1986 में कपिल देव की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड में दूसरी बार टेस्ट सीरीज जीती थी। इस दौरे के पहले टेस्ट में चेतन शर्मा ने लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए थे। मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और चेतन शर्मा की इनस्विंग यॉर्कर ने ग्राहम गूच और माइक गेटिंग जैसे बड़े बल्लेबाजों की गिल्लियां बिखेर दीं। डेविड ग्रोवर और एलन लैम्ब को कैच आउट करवाया जबकि विकेटकीपर पॉल डाउनटॉन को एलबीडब्ल्यू आउट किया।

महल 20 साल की उम्र में चेतन शर्मा ने लॉर्ड्स मैदान के ढलान का शानदार इस्तेमाल करते हुए इंग्लैंड को सिर्फ 294 रन पर पवेलियान लौटा दिया। भारत ने यह टेस्ट मैच बड़े अंतर से जीता था। लीड्स में दूसरा टेस्ट खेलने से पहले चेतन शर्मा घायल हो गए, उनकी जगह मदन लाल को टीम में खिलाया गया और भारत ने हेडिंग्ले में दूसरा टेस्ट जीतकर 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा, लेकिन एजबेस्टन में चेतन शर्मा ने एक और कारनामा किया वे इंग्लैंड में एक ही टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। पूरी सीरीज में उन्होंने सिर्फ 2 टेस्ट खेलकर 16 विकेट लिए, जो आज तक इंग्लैंड की जमीन पर किसी भी भारतीय तेज गेंदबाज का रिकॉर्ड है। चेतन ने भारत के लिए कुल 23 टेस्ट मैच खेले, जिनमें 61 विकेट लिए। वह आगे चलकर भारत के चीफ सेलेक्टर भी बने और अब कमेंट्री करते हैं। चेतन को भारत की 1986 की सीरीज जीत का नायक माना जाता है, जिसने विदेशी जमीन पर भारतीय गेंदबाजों की ताकत को दुनिया के सामने साबित किया। 1986 की वह ऐतिहासिक जीत न केवल कपिल देव की कप्तानी में टीम इंडिया की मजबूती का प्रतीक बनी, बल्कि चेतन शर्मा जैसे युवाओं के जुनून और हुनर की गवाही भी बनी। इंग्लैंड में 10 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज के रूप में चेतन का नाम आज भी सुनहरे अक्षरों में दर्ज है।

## इंग्लैंड में पटौदी ट्रॉफी का नाम बदला, बीसीसीआई से नहीं ली अनुमति

नई दिल्ली। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने और आगामी इंग्लैंड वर्सेस भारत पांच मैचों की टेस्ट मैच सीरीज का नाम बदलकर 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' रखने के फैसले को दुनिया भर में मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। बीसीसीआई से इसके लिए अनुमति नहीं ली गई है। मीडिया रिपोर्ट में बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि ईसीबी ही तय करता है कि वे अपनी सीरीज का नाम किस पर रखना चाहते हैं। बीसीसीआई की इसमें कोई भूमिका नहीं है।

बता दें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी की विरासत को जीवित रखने के लिए अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल ने ईसीबी से अनुरोध किया है कि वह आगामी टेस्ट मैच सीरीज में व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए अपने पुरस्कारों में से एक का नाम पटौदी पर रखे। अधिकारी ने बताया कि हमने ईसीबी से मैच के बाद की ट्रॉफी में से एक का नाम पटौदी पर रखने का अनुरोध किया है और वे हमें जवाब देंगे।

बता दें ईसीबी ने हाल ही में कई सीरीज के नाम बदले हैं। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पटौदी ट्रॉफी से पहले ईसीबी ने क्रिकेट वेस्टइंडीज के साथ मिलकर 1963 में स्थापित विजडन ट्रॉफी का नाम बदलकर 2020 से रिचर्ड्स-बॉथम ट्रॉफी कर दिया है, जो दो महान खिलाड़ियों विवियन रिचर्ड्स और इयान बॉथम के सम्मान में दोनों टीमों के बीच खेली जाती है। इसी तरह इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज क्रो-थोर्प ट्रॉफी के लिए होती है जिसका नाम मार्टिन क्रो और ग्राहम थोरपे के नाम पर रखा गया है।

ईसीबी ने बिना कोई आधिकारिक कारण बताए पटौदी के नाम को हटाने का फैसला किया था। हालांकि उन्होंने इस साल अप्रैल में पटौदी के बेटे और जाने-माने अभिनेता सैफ अली खान को इस बारे में सूचित किया था। भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा जो 20 जून से हेडिंग्ले, लीड्स में होने वाली है।

## सबसे ज्यादा आईसीसी ट्रॉफी विजेता देश ऑस्ट्रेलिया, भारत दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक देश आज एक और आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर लेगा। पहले तीन दिन के खेल के बाद द.अफ्रीका का पलड़ा भारी है। शनिवार को चौथे दिन पहले ही सेशन में रिजल्ट आ जाएगा। अगर द. अफ्रीका जीतता हैं, तब यह उसकी दूसरी आईसीसी ट्रॉफी होगी। और ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी तब उसके नाम 11वीं ट्रॉफी होगी। आईसीसी यानी इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था है, जो पूरी दुनिया में इस खेल को संचालित करती है। इसमें पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों शामिल हैं। 1973 में पहला आईसीसी वर्ल्ड कप (महिला) खेला गया, इस इंग्लैंड ने जीता था। पुरुष क्रिकेट में पहली आईसीसी ट्रॉफी 1975 में वेस्टइंडीज ने जीती थी। पुरुष क्रिकेट में आईसीसी चार कैटेगरी में वैश्विक टूर्नामेंट आयोजित करती है। वनडे वर्ल्ड कप, टी20 वर्ल्ड कप, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और चैंपियंस ट्रॉफी। इन सभी को मिलाकर ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 10 खिताब जीते हैं। उसके नाम ही सबसे अधिक आईसीसी ट्रॉफी का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 6 वनडे वर्ल्ड कप और एक टी20 वर्ल्ड कप जीता है। साथ ही एक-एक चैंपियंस ट्रॉफी और डब्ल्यूटीसी टाइटल भी जीता है। लेकिन अगर आज दक्षिण अफ्रीका मैच जीत जाता हैं तब 27 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम करेगा। इसके पहले सिर्फ एक बार आईसीसी टूर्नामेंट जीता है। दक्षिण अफ्रीका ने यह जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में दर्ज की थी।

**आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले देश**

| देश | ट्रॉफी |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 10 |
| भारत | 7 |
| वेस्टइंडीज | 5 |
| पाकिस्तान | 3 |
| इंग्लैंड | 3 |
| श्रीलंका | 3 |
| न्यूजीलैंड | 2 |
| द. अफ्रीका | 1 |

सबसे अधिक आईसीसी ट्रॉफी जीतने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरे नंबर पर है। भारत ने अब तक ऐसी 7 ट्रॉफी जीती हैं। इसमें 2-2 वनडे वर्ल्ड कप और टी20 वर्ल्ड कप शामिल हैं। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में तीन बार खिताबी जीत हासिल की है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अभी भारत से दूर है।

आईसीसी ट्रॉफी जीतने के मामले में वेस्टइंडीज तीसरे पायदान पर है। इंडीज ने 5 ट्रॉफी जीती हैं। वेस्टइंडीज दो-दो बार वर्ल्ड कप (वनडे और टी20) जीत चुका है। इसके अलावा एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है।

## भारत-न्यूजीलैंड सीरीज के लिए बीसीसीआई ने शुरु की स्टेडियमों की शॉर्टलिस्टिंग

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत में जनवरी 2026 में होने वाली भारत-न्यूजीलैंड व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए संभावित वेन्यू की शॉर्टलिस्टिंग शुरू कर दी है। इस सीरीज में 3 वनडे और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। यह सीरीज टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ठीक पहले आयोजित होगी, जो फरवरी में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होगी। बीसीसीआई ने सीरीज के लिए जिन स्थानों पर विचार किया है, उनमें जयपुर का सवाई मानसिंह स्टेडियम और मोहाली का आईएस बिंद्रा स्टेडियम हैं। जयपुर ने पिछली बार नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के ही खिलाफ एक टी20 मैच की मेजबानी की थी, जबकि मोहाली ने जनवरी 2024 में भारत-अफगानिस्तान मुकाबले का आयोजन किया था। लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मैचों से वंचित रहे इन स्टेडियमों को फिर से मेजबानी मिलने की संभावना जताई जा रही है। इन दोनों स्टेडियमों के अलावा इंदौर, राजकोट, गुवाहाटी, हैदराबाद, त्रिवेंद्रम और नागपुर जैसे वेन्यू भी बीसीसीआई की प्राथमिक में हैं। इंदौर के होलकर स्टेडियम ने भी पिछले साल अफगानिस्तान सीरीज का एक मैच खेला गया था।

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में स्टीव स्मिथ हुए चोटिल

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में चोटिल हुए। उनकी दाईं छोटी उंगली में चोट लगी। उन्होंने तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा के बल्ले का किनारा लेकर निकली गेंद को पकड़ने की कोशिश में घायल हो गए। वे तब पहली स्लिप में फील्डिंग कर रहे थे। स्मिथ की चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें अस्पताल तक ले जाना पड़ा। उनके स्थान पर सैम कॉन्स्टास सब्स्टिट्यूट फील्डर के तौर पर मैदान पर उतरे। स्मिथ उंगली में फ्रैक्चर के कारण फाइनल से बाहर हो गए हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल के दौरान स्लिप कॉर्डन में फील्डिंग करते समय दाहिनी छोटी उंगली में कम्पाउंड डिस्लोकेशन का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के मेडिकल स्टाफ ने मैदान पर उन्हें देखा और एक्स-रे और आगे के उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

बता दें कि फाइनल में कई मौके पर गेंद स्लिप में खड़े फील्डर तक पहुंचने से पहले ही टप्पा खा जा रही थी। स्मिथ इसतरह से हेलमेट पहनकर विकेट से महज 14 मीटर की दूरी पर खड़े थे। स्टार्क की 138 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शॉर्ट गेंद फेंकी जो बावुमा के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर तेजी से स्मिथ के पास पहुंची। गेंद उनके हाथ से टकरा कर छटक गई और वह बुरी तरह दर्द में कराहते हुए दिखे।

## गौतम गभीर की गैर मौजूदगी में कौन हो टीम का कोच

### बीसीसीआई बना रहा बैकअप योजना, लक्ष्मण को सौंप सकता है कमान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे की तैयारियों में जुटी है, लेकिन इस बीच एक समस्या आ गई है। टीम के हेड कोच गौतम गंभीर निजी कारणों से भारत वापस आ गए हैं, जिससे टीम की कमान को लेकर असमंजस पैदा हो गया है। बता दें कोच गौतम गंभीर की मां को हाल ही में दिल का दौरा पड़ा, जिसके चलते उन्हें इंग्लैंड दौरे को बीच में ही छोड़कर भारत आना पड़ा। हालांकि उनकी मां की स्थिति अब स्थिर है, लेकिन यह साफ नहीं है कि गंभीर इंग्लैंड कब जाएंगे। टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार रहना है, और ऐसे में कोच की गैरमौजूदगी टीम के प्रदर्शन पर असर डाल सकती है।




बीसीसीआई अब इस समस्या को निपटाने के लिए बैकअप योजना बना रहा है। सूत्रों के मुताबिक बीसीसीआई ने नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के डायरेक्टर वीवीएस लक्ष्मण को स्टैंडबाय के तौर पर तैयार रहने को कहा है। लक्ष्मण पहले भी कई बार अंतरिम कोच की भूमिका निभा चुके हैं और उन्हें जूनियर टीमों के साथ काम करने का अच्छा अनुभव भी है। 2022 में जब राहुल द्रविड़ उपलब्ध नहीं थे, तब भी लक्ष्मण ने आयरलैंड और जिम्बाब्वे दौरे में कोच की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा 2023 एशियन गेम्स में भी लक्ष्मण ने भारतीय टीम को कोचिंग दी थी। उनकी रणनीतिक समझ और शांत स्वभाव टीम के लिए मददगार हो सकते हैं, लेकिन गंभीर समय पर इंग्लैंड वापस नहीं जा पाते हैं, तो बल्लेबाजी कोच शितांशु कोटक को भी अंतरिम कमान दी जा सकती है। कोटक को घरेलू क्रिकेट में कोचिंग का अच्छा अनुभव है और वे इंडिया ए टीम के साथ भी काम कर चुके हैं। एक अन्य विकल्प टीम के मौजूदा गेंदबाजी कोच मॉर्नी मॉर्केल का भी है, लेकिन विदेशी होने के कारण उनके चयन की संभावना कम है। बीसीसीआई फिलहाल स्थिति पर नजर रखे है और गंभीर की वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है। अगर 17 जून तक वह इंग्लैंड नहीं लौटते, तो संभव है कि लक्ष्मण या कोटक में से किसी को अंतरिम कोच बनाकर रवाना किया जाएगा। इस समय जब टीम पहले ही कई वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से जूझ रही है, कोच की गैरहाजिरी चुनौती को और बढ़ा सकती है।

## इंग्लैंड दौरे पर भारतीय बल्लेबाजी की अहम जिम्मेदारी यशस्वी जायसवाल पर रहेगी - ज्वाला सिंह

नई दिल्ली। ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कम समय में इंटरनेशनल क्रिकेट में अपनी खास जगह बनाई है। उन्होंने 2023 में भारतीय टीम में आने के बाद कई मौके पर अपनी अहमियत साबित की है। जायसवाल को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का सहयोग मिला। यशस्वी ने दोनों की सलाह से खुद को निखारने का प्रयास किया। हालांकि, रोहित और विराट इंग्लैंड दौरे पर नहीं हैं, क्योंकि दोनों ने बीते माह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 23 वर्षीय यशस्वी को अब अपने दम पर चुनौतियों से लोहा लेना होगा। वे इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत ए और इंट्रा स्क्वॉड मैच में कुछ खास धमाल नहीं मचा सके। इस लेकर यशस्वी के बचपन के कोच ज्वाला सिंह ने उन्हें चेताया है। हालांकि, वे ओपनर से इंग्लैंड दौरे में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद लगाकर बैठे हैं।

कोच ज्वाला ने बताया जब यशस्वी ने रोहित के साथ बल्लेबाजी की, तब उन्हें लगातार मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब वह पहली बार भारतीय टीम में शामिल हुआ, तब विराट कोहली ने भी मदद की। लेकिन अब चीजें बहुत जल्दी बदल गई हैं। अब शुभमन गिल के हाथों में कप्तानी हैं। रोहित या विराट नहीं हैं। यह एक बहुत ही अलग यूनिट होगी है, और बल्लेबाजी लाइनअप में कोई स्पष्ट मार्गदर्शक नहीं है। ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी की पहले भी जल्दबाजी में शॉट लगाने के लिए आलोचना हो चुकी है, इसलिए देखना होगा कि यह ग्रुप कैसे योजना बनाता है और अपनी आक्रामकता को कैसे नियंत्रित करता है। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि यह नई यूनिट चुनौती से कैसे निपटती है।

कोच ने इंग्लैंड दौरे को लेकर कहा, यह चुनौतीपूर्ण होने जा रहा है। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के घरेलू रिकॉर्ड पर गौर करे तब यह हमेशा दौरा करने के लिए एक कठिन जगह रही है। ऐसा लगता है कि भारत ने कुछ होमवर्क किया है। मुख्य बात परिस्थितियों और पिचों को समझना होगा। मैं हर साल इंग्लैंड जाता हूं और सबसे बड़ी चुनौती मौसम है, जो पल-पल बदलता रहता है। बारिश हमेशा एक फैक्टर होती है। इसके बाद यह आसान नहीं होगा। लेकिन मुझे उम्मीद है कि भारत और यशस्वी दोनों ही पांच टेस्ट मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले है।

उन्होंने कहा, इंडियन बैटिंग यूनिट यशस्वी पर बहुत अधिक निर्भर करेगी। ठीक वैसे ही जैसे कि एक समय में सचिन, द्रविड़ और बाद में विराट जैसे महान खिलाड़ियों पर निर्भर थी। यशस्वी को अब वह जिम्मेदारी लेनी चाहिए और वही एंकरिंग भूमिका निभानी चाहिए। वह एक ऐसा खिलाड़ी है, जो एक बार कुछ ठान लेता है, तब बखूबी अंजाम देता है। मेरा मानना ??है कि वह अब सीनियर बल्लेबाजों में से एक होगा और मुझे पूरा विश्वास है कि वह रन बनाएगा। इस टीम में उसकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से शूरू होने जा रही है।

## भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में गिल की नियुक्ति पर क्या कह गए अश्विन

नई दिल्ली। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ से पहले शुभमन गिल की भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में नियुक्ति पर अपनी राय रखी। अश्विन ने कहा, मुझे लगता है कि गिल पहले से ही उस ध्यान और जिम्मेदारी से बहुत अभिभूत हैं जो उन्हें मिल रही है। अगर मैं उनकी जगह होता और इतने दबाव वाले काम पर होता, तब मैं बल्लेबाज के तौर पर बहुत अच्छी शुरुआत करना चाहता। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड में बल्लेबाजी करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और गिल को कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर खुद को साबित करना होगा।

लेकिन अगर वह रन बनाते हैं, तब रन बनाने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और यह कप्तानी पर भी असर दिखेगा। गिल को बहुत खास खिलाड़ी बताकर अश्विन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि वे किसी भी सवाल से बचने के लिए बहुत अच्छी शुरुआत करने वाले है। लेकिन मुझे लगता है कि ऋषभ शुभमन की तुलना में सीरीज में बहुत अधिक निश्चितता के साथ उतरेगा। टेस्ट क्रिकेट में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती और विकसित होती है। हाल ही में रांची में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में शुभमन की दूसरी पारी में 50 रन की पारी ने उनके रवैये और बदलाव की क्षमता को दर्शाया।

यह पूछने पर कि क्या भारत को आगामी सीरीज में कोहली की कमी खलेगी, इस पर अश्विन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि जिसने भी खेल खेला है या खेलेगा, वह खेल से बड़ा है।

## एडेन मार्करम के शानदार शतक के बाद कोहली का टवीट हुआ वायरल

नई दिल्ली। एडेन मार्करम ने लॉर्ड्स में जारी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन शानदार शतक लगा दिया। उनके शतक के बाद क्रिकेट के गलियारों में उनकी खूब तारीफ की जा रही है। मार्करम के बल्ले से यह शतक तब निकला जब खिताब जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के सामने 282 रनों का लक्ष्य रखा था। द. अफ्रीका के पहली पारी में 138 रनों पर ढेर होने के बाद किसी को उम्मीद नहीं थी कि यह टीम स्कोर को हासिल कर लेगी।

# भाजपा का सांसद, विधायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग पचमढ़ी में प्रारंभ

## उदघाटन सत्र को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया - जो अंतिम क्षण तक विद्यार्थी हैं, वही ला सकते हैं परिवर्तन






भोपाल/पचमढी। केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पचमढी में सांसद एवं विधायकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का दीप प्रज्जवलित एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। सत्र के प्रारंभ में अहमदाबाद में हुए हृदयविदारक विमान हादसे पर शोक व्यक्त किया गया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन सत्र में ''जनसंघ से भाजपा-1951 से 2025'' विषय पर सम्बोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन वही ला सकते हैं, जो अंतिम क्षण तक विद्यार्थी रहते हैं, जिनमें सीखने की ललक होती है। आज पंचायत से लेकर पार्लियामेन्ट तक भाजपा की स्वीकारोक्ति देख सकते हैं। सुव्यवस्थित, शिक्षित, विकसित देश के लिए भाजपा सरकार जरूरी है। तीन साल में गंगानगर तक बहेगा सिन्धु जल, पाकिस्तान बून्द-बून्द के लिए तरसेगा। मध्यप्रदेश भाजपा की एक शानदार परंपरा रही है। स्व. कुशाभाऊ ठाकरे अपने जीवन का क्षण-क्षण पार्टी को समर्पित किया है और स्वर्गीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया एवं स्व. सुंदरलाल पटवा जैसे मनीषियों का इसे आशीर्वाद मिला है। हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और पार्टी ने हमारी योग्यता तथा क्षमता के आधार पर हमें आगे बढ़ाया है, सांसद विधायक बनाया है। उदघाटन सत्र की प्रस्?तावना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रखी। उदघाटन सत्र को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्बोधित किया। उद्घाटन सत्र के दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, भूपेन्द्र यादव, डीडी उइके, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल मंचासीन रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने किया।

### डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने स्थापना की, पं. दीनदयाल ने विचार दिया

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश जब आजाद हुआ, उस समय कांग्रेस का शासन था और कांग्रेस पार्टी पर पूरी तरह पं. नेहरू हावी थे। उस समय नेहरू सरकार ने जो नीतियां बनाई, उनमें देश की मिट्टी की सुगंध नहीं थी। उनमें हमारी चिर पुरातन संस्कृति का कोई प्रतिघोष नहीं था। वो पाश्चात्य संस्कारों से प्रेरित थीं। उस समय कई नेता थे, जो इन नीतियों से सहमत नहीं थे। उन्हीं में से एक थे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जो नेहरू मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री थे। पं. नेहरू ने जब नेहरू-लियाकत पैक्ट के फलस्वरूप कश्मीर में धारा 370 लगाई, तो डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें देश में एक ऐसी राजनीतिक पार्टी की आवश्यकता महसूस हुई, जो देश के इतिहास, धर्म, परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई हो। इसी विचार से उन्होंने जनसंघ की स्थापना की। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने इस दल की विचारधारा के बीज बोए। उन्होंने कहा कि ये पार्टी संगठन के आधार पर चलने वाली पार्टी होगी, जिसकी आत्मा उसके कार्यकर्ता होंगे। सरकार बनाना हमारा लक्ष्य नहीं होगा, बल्कि हम अपने सिद्धांतों के लिए सरकार बनाएंगे। उस समय लोगों ने जनसंघ का खूब मखौल उड़ाया, लेकिन आज जनसंघ से ही बनी भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। देश के 18 राज्यों में हमारी सरकारें हैं। सबसे ज्यादा सांसद, विधायक, जिला पंचायत, नगर पालिका, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतें हैं। आज पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा ही दिखाई देती है। पार्टी का ये विकास और विस्तार कार्यकर्ताओं की 8 पीढ़ियों के परिश्रम और पुण्य का प्रतिफल है।

### सरकार किसी की भी बने राज्य और देश समृद्धशाली होना चाहिए

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। धारा 370 हटाने के लिए कूच किए और उनकी हत्या हो गई। गौवंश पर सत्याग्रह, राम जन्मभूमि की यात्रा, एकता यात्रा, स्वर्ण जयंती भ्रष्टाचार मुक्त। धारा 370 के खिलाफ आंदोलन करते हुए डॉ. मुखर्जी ने देश की एक एक इंच की भूमि की सुरक्षा की। गौ हत्या पर प्रतिबंध, श्रीराम जन्मभूमि का कार्यक्रम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का प्रतीक है। जिस देश की सरकारें सामाजिक जीवन के लिए कार्य करती हो वह भाजपा ही है। सरकार राष्ट्रवादी, विकास को समर्पित, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पोषक होना चाहिए। सरकार किसी की भी बनी हो वह राज्य और देश के लिए समृद्धशाली होना चाहिए। समृद्धि का मार्ग अंत्योदय का होना चाहिए। समाज के गरीब तबके को सबसे समृद्ध व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रक्रिया है और देश को समृद्ध बनाना हमारा एकमात्र लक्ष्य है। देश के लिए बीमारू राज्य शब्द बड़ा चर्चा का विषय था। बिहार के लिए ''बि'' मध्यप्रदेश के लिए ''एम'' और राजस्थान के लिए ''आर'' और उत्तर प्रदेश के लिए ''यू'' शब्द का इस्तेमाल कर बीमारू शब्द बनाया गया था। आज देश देख रहा है कि यह चारों राज्य आज प्रगतिशील और समृद्धशाली बनकर अन्य राज्यों को पीछे छोड़ रहे है और लगातार आगे बढ़ रहे है। मध्यप्रदेश में जब भाजपा की सरकार बनी उस समय शिवराजसिंह चौहान ने बागडोर संभाली। 20 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से निकालकर प्रगतिशील और समृद्धशाली राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा किया और उसकी तस्वीर बदल दी। इसी तरह छत्तीसगढ़ में 15 वर्षों तक भाजपा की सरकार बनी बीमारू राज्य से बाहर निकाला। राजस्थान श्रीमती वसुंधरा राजे के नेतृत्व में बीमारू राज्य से बाहर आया। उत्तर प्रदेश और बिहार भी एनडीए की सरकार बनी। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और बिहार भी विकास की राह पर चल पड़े हैं और बीमारू राज्य से बाहर निकले है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार जिस राज्य में भी बनती है वहां अंत्योदय के आधार पर पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आगे बढ़ाती है।

### कार्यकर्ताओं की तपस्या के फल से 2014 में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की तपस्या के फल से ही 2014 में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिली और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी। 2024 से अब तक ग्यारह साल की सरकार में भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के बताए मूल सिद्धांतों पर चल रही है। इन ग्यारह सालों में अंत्योदय मूल लक्ष्य था। 60 करोड़ लोगों को पक्के आवास, बिजली, पानी, पांच लाख रूपए तक के आरोग्य की गारंटी, पांच किलो मुफ्त अनाज जैसी योजनाओं ने जीवन में परिवर्तन लाने कार्य किया है। 52 करोड़ जनधन खाते खोलने, उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया। अगर आप इन योजनाओं को लेकर सोचेंगे तो आपको अपार खुशी होगी कि आप उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जिसके नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 60 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में बदलाव लाने का कार्य किया है। इसका अनुभव जो होगा, वही कार्यकर्ता का पारिश्रमिक होता है। हमारी सरकार 80 करोड़ से अधिक लोगों को प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज भी दे रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा की बात करें तो जम्मू-कश्मीर को देश से अलग करने वाली धारा 370 को पांच अगस्त 2019 को हटा दिया गया। एक पत्थर भी जम्मू-कश्मीर में नहीं चला। कांग्रेस के नेता क्या-क्या बातें करते थे, कुछ नहीं हुआ। हमारी सरकार की एक और बहुत बड़ी उपलब्धि है, वह यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अब जम्मू-कश्मीर के एक भी युवा अपने हाथों में बंदूक नहीं थाम रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान सेना के मुख्यालय में हमला कर नुकसान पहुंचा। पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल समझौते को स्थगित किया। स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू के समय यह समझौता किया गया था। तीन साल के अंदर सिंधु के जल को नहरों से गंगानगर तक लेजाया जायगा और एक बड़े भू-भाग में सिंचाई की सुविधा शुरू हो जाएगी। पाकिस्तान पानी के लिए बून्द-बून्द के लिए तरसेगा। पहलगाम में धर्म पूछकर मारा, अब खाने के लिए अनाज को तरसेंगे। उन्हें खाने के लिए विदेशों से अनाज मांगकर लाना पड़ेगा।



## मध्यप्रदेश पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में 04 दुर्दांत नक्सली ढेर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। केन्द्र एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा मार्च 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की समस्या से मुक्त कराने के उदेश्य से अपनाई गयी बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुलिस ने शनिवार को बालाघाट जिले में बड़ी मुठभेड़ में माओवादियों के एमएमसी जोन (मध्यप्रदेश महाराष्ट्र छत्तीसगढ़) के जीआरबी डिविजन के 01 पुरुष तथा 03 हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया। थाना रुपझर, चौकी सोनेवानी अन्तर्गत पचामादादर-कटेझिरिया जंगल क्षेत्र में जीआरबी डिविजन के नक्सलियों के एक समूह की उपस्थिति की आसूचना के आधार पर हॉक फोर्स, जिला पुलिस व सीआरपीएफ बल द्वारा 13 एवं 14 जून की दरम्यानी रात से लगातार पचामादादर - कटेझिरिया जंगल क्षेत्र में कार्डन एवं सर्च ऑपरेशन चलाया गया। नक्सलियों द्वारा सर्च आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को हताहत करने एवं उनके हथियार लूटने की नियत से पुलिस बलों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों के द्वारा अपनी जान की परवाह ना करते हुये सूझबूझ एवं नियंत्रित जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्यवाही में 04 हार्डकोर माओवादियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त हुई।

माओवादियों से 01 ग्रेनेड लान्चर, 01 एसएलआर रायफल, 02 315 रायफल एवं सैकड़ो की तादाद में गोलाबारुद, वॉकी टॉकी सेट, नक्सल साहित्य इत्यादि बरामद किये गये है। वर्तमान में 600 से अधिक की संख्या में हॉकफोर्स, जिला पुलिस बल व सीआरपीएफ के जवान सर्चिंग अभियान संचालित कर रहे है। यहां विशेष रुप से उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2025 में 14 जून तक 10 हार्डकोर माओवादियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया है जो पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक माओवादियों को ढेर किये जाने की संख्या है। इससे पूर्व वर्ष 2022 में एक वर्ष में सर्वाधिक 06 नक्सलियों को ढेर किया गया था।

मुठभेड़ के दौरान कुछ नक्सली घायल हुए जो घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गये है उनकी तलाश हेतु सीआरपीएफ, हॉक फोर्स व जिला पुलिस बल के द्वारा क्षेत्र में बड़े स्तर पर सघन



सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## शादी के 3 माह बाद युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

### रामपायली थानाक्षेत्र की घटना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शादी के तीन माह बाद ही एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह दुर्घटना रामपायली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम साकड़ी से बेनीटोला के बीच हुई। मृतक युवक लोकेश पिता रामप्रसाद चौधरी 26 वर्ष ग्राम सतोना थाना रामपायली निवासी है रामपायली पुलिस में इस युवक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सोप दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकेश चौधरी अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था जिसकी शादी तीन माह पहले ही हुई थी। 12 जून की शाम लोकेश चौधरी मोटरसाइकिल में अपने ससुराल से अपने घर ग्राम सतोना लौट रहा था। तभी ग्राम साकड़ी से सतोना जाते समय साकड़ी से बेनीटोला के बीच कोई अज्ञात वाहन लोकेश चौधरी की मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गया। इस अज्ञात वाहन की ठोकर से लोकेश चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी मौके ही मौत हो गई और उसकी मोटरसाइकिल भी छतिग्रस्त हो गई।घटना की सूचना मिलते ही रामपायली पुलिस थाना से सहायक उप निरीक्षक राजीव जांचक अपने स्टाप के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक युवक लोकेश चौधरी का शव वाहन से रामपायली लाकर यहा के शासकीय अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिए। 13 जून को सहायक उप निरीक्षक श्री जांचक ने मृतक युवक लोकेश चौधरी का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## अब शासन ने सर्पदंश को स्थानीय आपदा किया घोषित



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मप्र शासन ने सर्पदंश को स्थानीय आपदा घोषत किया गया है। प्रदेश में सर्प-दंश से व्यापक जन-हानि को देखते हुए मप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सचिव कृष्णावेणी देशावतु द्वारा सर्पदंश को स्थानीय आपदा घोषित किया है। साथ ही समस्त जिला कलेक्टर्स एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन को सर्पदंश की घटनाओं से जनहानि के नियंत्रण के लिए विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से सुझाव देने के लिए निर्देश दिए गए है। चूँकि सांपों के प्राकृतिक निवास में पानी भर जाने से सर्पदंश की घटनाएँ बरसात के मौसम में बढ़ जाती हैं। इस दौरान सांप अधिक सक्रिय हो जाते हैं और मानव बस्तियों के नजदीक आ जाते हैं। इसलिए सर्पदंश की घटनाओं से जन-हानि के नियंत्रण के लिए सर्प दंश से बचाव के लिए पंचायत/शहरी वार्ड स्तर पर विभिन्न माध्यमों से जनजागृति तथा प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। वहीं प्रशिक्षित सर्प मित्रों की पंचायत एवं वार्ड स्तर पर उनकी तैनाती तथा हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। साथ ही सर्पदंश पीड़ितों के उपचार की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा सर्पदंश की घटनाओं के नियंत्रण की व्यवस्था, सर्पदंश की घटनाओं का जिला स्तरीय डाटा बेस और स्नेक रेस्क्यू किट की उपलब्धता भी की जाएगी।

## एक व्यक्ति की फांसी लगाने से मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रूपझर थाने की उकवा पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले ग्राम दलदला के धानीटोला इसी ग्राम के एक व्यक्ति राजेंद्र पिता रतिराम बागेश्वर 30 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी जिसकी जंगल किनारे खेत में पलास के पेड़ में फांसी पर लटकी लाश बरामद की गई। इस व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या की जाने की संभावना व्यक्त की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र बाहेश्वर मूल रूप से ग्राम टिंगीपुर थाना मलाजखंड का रहने वाला था। जो शादी के बाद अपने ससुराल धानी टोला में आकर अपने ससुराल में रहने लगा था।जिसके परिवार में सास, पत्नी पुरनता बाहेश्वर और दो बच्चे हैं। राजेंद्र बाहेश्वर मजदूरी करता था और वह शराब पीने का आदी था और आए दिन शराब पीते रहता था। 12 जून को सुबह से राजेंद्र बाहेश्वर शराब पी रहा था और गांव में घूम रहा था। किंतु शाम को घर नहीं पहुंचा परिवार वालों ने खोजबीन किये। गांव मोहल्ले में राजेंद्र बाहेश्वर के नहीं मिलने पर जंगल तरफ खोजबीन करने के दौरान छैयां लाल पटले के जंगल किनारे खेत में लगे पलाश के पेड़ में राजेंद्र बाहेश्वर को फांसी पर लटके हुए देखे। जिसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की रिपोर्ट उसकी पत्नी पुरनता पति राजेंद्र बाहेश्वर 28 वर्ष में उकवा पुलिस चौकी में की थी। 13 जून को उकवा पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक रविंद्र बिसेन ने राजेंद्र बाहेश्वर की लाश बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए । संभावना व्यक्त की गई कि राजेंद्र बाहेश्वर ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रधान आरक्षक श्री बिसेन द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता2023 के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## जंगली सूअर के हमले में गंभीर रूप से घायल चरवाहे की मौत

### कटंगी थाने के ग्राम खजरी की घटना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कटंगी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम खजरी के जंगल में मवेशी चराने गया एक चरवाहा जंगली सूअर के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी कटंगी के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक मंगलीराम पिता गेदन कोहरे 62 वर्ष ग्राम खजरी निवासी है। कटंगी पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलीराम कोहरे मजदूरी करता था। जिसके परिवार में पत्नी और उसकी छह लड़कियां है। सभी लड़कियों की शादी हो चुकी है। ग्राम खजरी में मंगलीराम अपनी पत्नी के साथ रहता था और अपने और गांव के मवेशी चलता था और मंगलीराम कोहरे प्रतिदिन मवेशियों को चराने के लिए गांव समीप जंगल ले जाता था। रोज की तरह तेरह 13 जून को भी मंगलीराम। कोहरे ने अपनी और गांव के मवेशी को चराने के लिए गांव से कुछ दूर जंगल ले गया था। जिसके साथ में गांव के अन्य लोग भी अपने मवेशी चराने गए थे। शाम को मंगलीराम कोहरे जंगल से सभी मवेशियों को गांव में ला रहा था। जिसके साथ अन्य लोग भी थे।मवेशियों को जंगल से घर लाते समय मंगलीराम कोहरे पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। जंगली सूअर के हमले में मंगलीराम कोहरे के अंडकोष के अलावा पेट सहित अन्य जगह छोटे आई। जंगली सूअर के हमले में मंगली राम गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके साथ वालों ने गांव में खबर दिए। गांव के लोग पहुंचे और गंभीर रूप से घायल मंगलीराम कोहरे को घर लाने के बाद उसे प्राइवेट वाहन से कटंगी के अस्पताल ले जाकर भर्ती किए थे।मंगलीराम। कोहरे गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो चुका था जिससे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा था। इसी दौरान मंगलीराम कोहरे की मौत हो गई। प्रधान आरक्षक तोषेन्द्र हरिनखेड़े ने मृतक मंगलीराम कोहरे का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## चार युवकों ने एक युवक को पड़कर की मारपीट और दी जान से मारने की धमकी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले वार्ड नंबर 33 गायखुरी स्थित श्रुति कान्वेंट स्कूल के सामने तीन युवकों ने एक युवक को पड़कर हाथ बुके और सीमेंट के टुकड़े से सिर में मार कर घायल कर दिए घायल युवक विक्की पिता रामचरण लिल्हारे 21 वर्ष वार्ड नंबर 33 गायखुरी निवासी है। कोतवाली पुलिस ने इस युवक द्वारा की गई रिपोर्ट पर कार्तिक, महेंद्र आमाडारे शैलेश और राहुल आमाडारे के विरुद्ध मारपीट और जान से मार डालने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गायखुरी बालाघाट निवासी विक्की लिल्हारे भटेरा चौकी बालाघाट में ठेकेदारी का काम करता है। जिसकी कार्तिक से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। 13 जून की रात्रि विक्की लिल्हारे अपने घर में खाना खाने के बाद श्रुति कॉन्वेंट स्कूल के सामने टहल रहा था। उसी समय रात्रि 9ः45 बजे कार्तिक ने विक्की लिल्हारे को फोन लगाकर बोला कि कहां है और मुझे तुझसे मिलना है विक्की लिल्हारे ने उसे बोला कि मैं श्रुति कान्वेंट स्कूल के सामने टहल रहा हूं। तभी कार्तिक और उसके साथ में महेंद्र आमाडारे, शैलेश, राहुल आमाडारे चारों लोग आए। महेंद्र आमाडारे ने विक्की लिल्हारे को बोला कि तू कार्तिक से खून्नस क्यो रखता है। कह कर वह विक्की लिल्हारे को अश्लील गालियां देने लगा। विक्की लिल्हारे ने महेंद्र आमाडारे को गाली देने से मना किया तो महेंद्र आमाडारे और राहुल आमाडारे दोनों लोगों ने विक्की लिल्हारे को पड़कर लिए और कार्तिक शैलेश ने विक्की लिल्हारे को हाथ बुक्के से मारपीट किया और सीमेंट के टुकड़े से उसके सिर में वार कर दिया। जिससे विक्की लिल्हारे का सर फट गया बीच बचाव के बाद चारों युवक विक्की लिल्हारे को जान से खत्म करने की धमकी देकर वहा से भाग गए।। इसके बाद विक्की लिल्हारे रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुंचा। कोतवाली पुलिस ने विक्की लिल्हारे का इलाज और मुलाहिजा जिला अस्पताल में करवाए और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर कार्तिक निवासी सुरभि नगर बालाघाट ,महेंद्र आमाडारे , राहुल आमाडारे दोनो झुग्गी झोपड़ी बालाघाट और शैलेश निवासी गायखुरी के विरुद्ध ने विक्की लिल्हारे को मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में धारा 296,115(2),351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464




AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
MINING ENGINEERING
CIVIL ENGINEERING
MECHANICAL ENGINEERING
ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट